www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/
bharatsamvad.in

www.youtube.com/
@BharatSamvad-m3n

E-Paper
bharatsamvad.live

**मौसम**



अधिकतम तापमान 33.c
29.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 96.325g
चांदी 97,900kg

2 बना रहे दरकते पाकिस्तान पर भारत का दबाव, आर्थिक और सामाजिक स्थिति बहुत बदहाल

पत्नी और बच्चे की गुमशुदगी 04

वर्ष :08 अंक :324 मुंबई , शुक्रवार 16 मई , 2025 पृष्ठ : 06 मूल्य : 2: 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में फैक्ट्री में सीवेज टैंक फटने से 20 घायल

तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले के मुधुनगर के पास कुडीकाडु इलाके में एक फैक्ट्री में सीवेज टैंक फटने से कम से कम 20 लोग घायल हो गए। तस्वीरों में दिख रहा है कि विस्फोट के बाद टैंक से पानी लीक होकर आस-पास के घरों में घुस गया, जिससे गांव में आवासीय ढाँचे क्षतिग्रस्त हो गए। शक्तिशाली विस्फोट ने न केवल फैक्ट्री परिसर को भारी नुकसान पहुँचाया, बल्कि आस-पास के आवासीय क्षेत्रों को भी प्रभावित किया। उन्होंने बताया कि विस्फोट के बल पर टैंक से सीवेज का पानी लीक हो गया, जो गाँव में फैल गया, जिससे कई घर क्षतिग्रस्त हो गए और निवासियों में दहशत फैल गई। आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और रात भर बचाव अभियान चलाया गया। स्थानीय अधिकारी वर्तमान में नुकसान की सीमा का आकलन कर रहे हैं और स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में फिर छाया प्रदूषण का कहर, आईजीआई एयरपोर्ट पर प्रभावित हुई विजिबिलिटी

राजधानी दिल्ली में बीती रात धूल प्रदूषण में बढ़ोतरी हो गई है। चिंताजनक तौर से धूल प्रदूषण इतना बढ़ा है कि पूरे आसमान में धूल की चादर छा गई है। ये नजारा सिर्फ दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे एनसीआर में भी दिख रहा है। इस बीच दिल्ली में वायु गुणवत्ता बेहद खराब स्तर में पहुंच गई है। गुणवत्ता नीचे गिर गई है। दिल्ली में एक्यूआई 200 के पार पहुंच गया है। भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली के इंदिरा गांधी ए?रपोर्ट के पास पालम क्षेत्र में रात 10 बजे के दौरान धूल भरी आंधी और तेज हवाएं चल रही थी। हवा की गति 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार रही थी। तेज हवा के कारण विजिबिलिटी 4500 मीटर से कम होकर सिर्फ 1200 मीटर शेष रह गई थी। प्रदूषण बढ़ने का कारण दिल्ली में पीएम 10 और पीएम 2.5 के कणों की मात्रा काफी बढ़ गई है। ये कण स्वास्थ्य के लिए नुकसानदाय होते है। कई वेधशालाओं में पीएम 10 का स्तर सामान्य से 20 गुणा अधिक दर्ज हुआ है। ऐसी स्थिति में उन लोगों के लिए परेशानी बढ़ गई है जिन्हें सांस संबंधित बीमारी का खतरा अधिक रहता है। मौसम विभाग का कहना है कि धूल की स्थिति मुख्य रूप से तेज हवा के कारण हुई है। रात के समय हवा तेज गति से चल रही थी जिससे धूल भी बढ़ गई। हालांकि बाद में हवा धीमी हुई। इसके बाद भी हवा में धूल के कण लगातार बने हुए है जिससे सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इन दिनों सड़क यातायात में बढ़ोतरी हो रही है।

# आतंकियों ने धर्म पूछ मारा, हमने कर्म देखकर किया उनका सफाया : राजनाथ सिंह का पाकिस्तान पर निशाना

**रक्षा मंत्री**

इस बात पर जोर दिया कि वह एक डाकिया हैं जो पूरी दुनिया का संदेश जम्मू-कश्मीर के लोगों तक लेकर आए हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि वह एक संदेशवाहक हैं और वह पूरे देश की शुभकामनाओं, प्रार्थनाओं और आभार के साथ आए हैं।

## श्रीनगर में बोले राजनाथ, आतंकवाद और बात साथ नहीं चलेगी



रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं यहां उस ऊर्जा को महसूस करने आया हूं जिसने दुश्मनों को नेस्तनाबूद कर दिया। जिस तरह से आपने सीमा पार पाकिस्तानी चौकियों और बंकरों को तबाह किया, मुझे लगता है कि दुश्मन इसे कभी नहीं भूल पाएगा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, सिर्फ एक ऑपरेशन का नाम भर नहीं है, बल्कि यह एक प्रतिबद्धता है। एक ऐसी प्रतिबद्धता, जिसमें भारत ने दिखा दिया, कि हम सिर्फ रक्षा नहीं करते, जब वक्त आता है, तो हम कठोर निर्णय भी लेते हैं। यह ऑपरेशन, उस एक-एक जवान की आंखों में देखा गया सपना था, कि हर आतंकी ठिकाना, चाहे वो घाटियों में छुपा हो या बंकरों में दबा हो, हम वहां पहुंचेंगे और दुश्मन की छाती चीरकर, हम उन आतंकी ठिकानों को खत्म करके ही लौटेंगे।

एजेंसी

श्रीनगर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि निर्दोष लोगों को मारना आतंकवादियों का कर्म है, जबकि उनका सफाया करना भारत का भारतीय धर्म है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सशस्त्र बलों ने आतंकवादियों को उनके कर्म को देखकर मारा, क्योंकि उन्होंने निर्दोष लोगों को उनके धर्म को देखकर मारा और यही पाकिस्तान का कर्म था। श्रीनगर के बादामी बाग कैंट में सभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवादियों ने पहलगाम में निर्दोष लोगों को उनका धर्म पूछकर मारा। उसके बाद आपने जो जवाब दिया, उसे पूरी दुनिया ने देखा। हमने आतंकवादियों को उनके कर्म देखकर मारा। उन्होंने निर्दोष लोगों को उनके धर्म को देखकर मारा, यह पाकिस्तान का कर्म था। हमने उनके कर्म को देखकर उनका सफाया किया, यह हमारा भारतीय धर्म है। बादामी बाग छावनी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा ने अपने संबोधन में कहा किसबसे पहले, मैं आतंकवाद और आतंकवादियों से लड़ते हुए बहादुर जवानों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करना चाहता हूं। मैं उनकी स्मृति को सम्मान देता हूं।

मैं पहलगाम में मारे गए निर्दोष नागरिकों को भी श्रद्धांजलि देता हूं। मैं घायल सैनिकों की वीरता को भी सलाम करता हूं और भगवान से प्रार्थना करता हूं कि वे जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। उन्होंने कहा कि ऐसी विपरीत परिस्थितियों में भी आपके बीच आकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है। राजनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आप सभी ने जो कुछ किया, उस पर पूरे देश को गर्व है। आपका रक्षा मंत्री होने से पहले मैं एक भारतीय नागरिक हूँ। रक्षा मंत्री होने के साथ-साथ मैं एक भारतीय नागरिक के तौर पर भी आपका आभार व्यक्त करने आया हूँ।

# गवर्नर-राष्ट्रपति के लिए डेडलाइन बनाने पर मुर्मू के 14 सवाल

राष्ट्रपति ने अपने जवाब में कहा कि संविधान में राज्यपाल या राष्ट्रपति के लिए राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर मंजूरी देने या न देने के लिए कोई विशेष समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

## कहा- संविधान में ऐसा प्रावधान नहीं



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के 8 अप्रैल के फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए राज्य विधेयकों पर कार्रवाई करने के लिए समय सीमा तय की है। उन्होंने इस तरह के निर्देश की संवैधानिक वैधता को मजबूती से चुनौती दी है। राष्ट्रपति ने अपने जवाब में कहा कि संविधान में राज्यपाल या राष्ट्रपति के लिए राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर मंजूरी देने या न देने के लिए कोई विशेष समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है। राष्ट्रपति मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 200 का हवाला दिया, जिसमें विधेयकों को मंजूरी देने, रोकने या राष्ट्रपति के विचार के लिए विधेयक को आरक्षित करने के विकल्प सहित राज्यपाल की शक्तियों का वर्णन है। उन्होंने बताया कि अनुच्छेद राज्यपाल के लिए इन विकल्पों पर कार्रवाई करने के लिए कोई समयसीमा निर्धारित नहीं करता है। इसी तरह, अनुच्छेद 201, जो ऐसे विधेयकों पर राष्ट्रपति के निर्णय लेने के अधिकार को नियंत्रित करता है, कोई प्रक्रियात्मक समयसीमा भी निर्धारित नहीं करता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने आगे जोर दिया कि संविधान कई स्थितियों की अनुमति देता है जहां राज्य के कानूनों को प्रभावी बनाने के लिए राष्ट्रपति की सहमति एक शर्त है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि अनुच्छेद 200 और 201 के तहत राज्यपाल और राष्ट्रपति को दी गई विवेकाधीन शक्तियाँ संघवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा, कानूनी एकरूपता और शक्तियों के पृथक्करण जैसे व्यापक संवैधानिक मूल्यों से प्रभावित हैं। जटिलता को और बढ़ाते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर परस्पर विरोधी निर्णय दिए हैं कि अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति की सहमति न्यायिक समीक्षा के अधीन है या नहीं। राष्ट्रपति के जवाब में कहा गया है कि राज्य अक्सर अनुच्छेद 131 के बजाय अनुच्छेद 32 के तहत सर्वोच्च न्यायालय का रुख करते हैं, जिसमें संघीय प्रश्न उठाए जाते हैं, जिनकी स्वाभाविक रूप से संवैधानिक व्याख्या की आवश्यकता होती है। अनुच्छेद 142 का दायरा, विशेष रूप से संवैधानिक या वैधानिक प्रावधानों द्वारा शासित मामलों में, सर्वोच्च न्यायालय की राय की भी मांग करता है।

# अचानक दिल्ली के एम्स पहुंचे अमित शाह

## नक्सलियों से मुठभेड़ में घायल 5 सुरक्षाकर्मियों से की मुलाकात

पांच सुरक्षाकर्मियों में सीआरपीएफ के तीन कोबरा कमांडो, एक सीआरपीएफ जवान और छत्तीसगढ़ पुलिस के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) का एक जवान शामिल है।

एजेंसी



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली के एम्स ट्रॉमा सेंटर का दौरा किया और छत्तीसगढ़ और तेलंगाना सीमा पर करेगुट्टा पहाड़ियों में चलाए गए 21 दिनों के नक्सल विरोधी अभियान में घायल हुए सुरक्षाकर्मियों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद रहे। पांच सुरक्षाकर्मियों में सीआरपीएफ के तीन कोबरा कमांडो, एक सीआरपीएफ जवान और छत्तीसगढ़ पुलिस के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) का एक जवान शामिल है। वे हैः कोबरा की 204वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट सागर बोराडे, 203वीं कोबरा बटालियन के हेड कांस्टेबल मुनीश चंद शर्मा, 204वीं कोबरा के कांस्टेबल धनु राम, 196वीं सीआरपीएफ बटालियन के कांस्टेबल कृष्ण कुमार गुर्जर और डीआरजी के कांस्टेबल संतोष मुरामी। आपको बता दें कि इस सप्ताह छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर करेर्गुट्टा पहाड़ी पर 31 माओवादियों को मार गिराया गया जो भारत के सबसे बड़े माओवादी विरोधी अभियान का परिणाम है। सूत्रों ने बताया कि इस अभियान में 450 आईईडी और 40 हथियार भी बरामद किए गए।

# दुनिया की कोई ताकत मुझे रोक नहीं सकती : राहुल गांधी

## बिहार में बोले राहुल गांधी, यह अडानी-अंबानी की सरकार है, आपकी नहीं

राहुल ने कहा कि आपके दबाव में पीएम नरेंद्र मोदी ने देश में जाति जनगणना की घोषणा की। आपके दबाव से डरकर उन्होंने संविधान को अपने माथे पर रख लिया। लेकिन उनकी सरकार लोकतंत्र, संविधान और अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। यह अडानी-अंबानी की सरकार है, आपकी नहीं।



एजेंसी

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अंबेडकर छात्रावास में छात्रों को संबोधित करने के लिए मंच पर पहुंचे, बावजूद इसके कि पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। बिहार कांग्रेस के दावों के अनुसार, दरभंगा जिला प्रशासन ने उन्हें यह कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं दी। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार पुलिस ने मुझे रोकने की कोशिश की। लेकिन वे मुझे रोक नहीं पाए क्योंकि आपकी सत्ता मुझ पर नजर रख रही है। हमने पीएम नरेंद्र मोदी से कहा कि आपको जनगणना करानी होगी। राहुल ने कहा कि आपके दबाव में पीएम नरेंद्र मोदी ने देश में जाति जनगणना की घोषणा की। आपके दबाव से डरकर उन्होंने संविधान को अपने माथे पर रख लिया। लेकिन उनकी सरकार लोकतंत्र, संविधान और अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। यह अडानी-अंबानी की सरकार है, आपकी नहीं। मैं गारंटी देता हूं कि जैसे ही देश और बिहार में हमारी सरकार बनेगी, और जो आप चाहते हैं वो सब लागू करेंगे।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकियों का काल बनी सेना, लश्कर-ए-तैयबा के 3 आतंकी ढेर

जम्मू-कश्मीर में सुबह से चल रहे मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया है

एजेंसी



श्रीनगरः जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली. एक मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (खीट) के तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया. अधिकारियों ने मारे गए आतंकवादियों की पहचान आसिफ अहमद शेख, आमिर नजीर वानी और यावर अहमद भट के रूप में की है. ये तीनों पुलवामा जिले के ही रहने वाले थे.जम्मू-कश्मीर में 48 घंटे के भीतर यह दूसरी मुठभेड़ है और सुरक्षाबलों ने इस बड़ी कार्रवाई में महज 48 घंटे में 6 लोकल आतंकियों को ढेर किया है. इससे पहले मंगलवार को लश्कर के मॉड्यूल के आतंकवादियों को ढेर किया गया था. सुरक्षा एजेंसियों ने जिन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट जारी की थी, उनमें इन सभी के नाम शामिल थे. सुरक्षाबलों के लिए यह एक बड़ी कामयाबी है.

# रामगोपाल यादव ने गिना दी विंग कमांडर व्योमिका सिंह की जाति

## मचा बवाल, योगी का पलटवार

कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा दिए गए विवादित बयान को लेकर राम गोपाल यादव बोल रहे थे। हालांकि, अब राम गोपाल यादव खुद मुसीबत में पड़ गए हैं। इसको लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पलटवार किया है।

एजेंसी




सपा नेता राम गोपाल यादव ने विंग कमांडर व्योमिका सिंह की जाति गिनाते हुए एक ऐसी टिप्पणी की, जिस कारण सियासी बवाल मच गया है। राम गोपाल यादव ने कहा कि उन्हें यह भी नहीं पता था कि व्योमिका सिंह कौन है या उसकी जाति क्या है, न ही उन्हें एयर मार्शल ए.के. भारती के बारे में पता था। नहीं तो वे उन्हें भी गाली देते। मैं आपको बता दूं - व्योमिका सिंह हरियाणा की 'जाटव ...' हैं और एयर मार्शल ए.के. भारती पूर्णिया के यादव हैं। तीनों ही पीडीए सेगमेंट से थे। एक को गाली दी गई क्योंकि उन्हें लगा कि वह मुस्लिम है, एक को राजपूत समझकर कुछ नहीं कहा गया और दूसरे के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा दिए गए विवादित बयान को लेकर राम गोपाल यादव बोल रहे थे। हालांकि, अब राम गोपाल यादव खुद मुसीबत में पड़ गए हैं। इसको लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पलटवार किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि सेना की वर्दी 'जातिवादी चश्मे' से नहीं देखी जाती है।

# वक्फ कानूनः सुप्रीम कोर्ट में 20 मई को पूरे दिन होगी सुनवाई

## अंतरिम आदेश की उम्मीद

भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ नए वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 20 मई को सुनवाई करेगी.

एजेंसी



नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतरिम राहत पर विचार करने के मुद्दे पर 20 मई को सुनवाई करेगा. शीर्ष अदालत ने कहा कि वह सुनवाई की अगली तारीख पर 1995 के पहले के वक्फ कानून के प्रावधानों पर रोक लगाने की किसी भी याचिका पर विचार नहीं करेगी.भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह अधिनियम के प्रावधानों पर रोक लगाने वाले अंतरिम आदेश के पक्ष और विपक्ष में पूरे दिन दलीलें सुनेगी.

**संवाद** खड़गे बोले- क्या छात्रों से संवाद करना संविधान के खिलाफ है?

# राहुल गांधी के काफिला को रोकने पर भड़की कांग्रेस

एजेंसी



खड़गे ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि अब क्या दलित, वंचित, पिछड़े वर्ग के छात्रों से संवाद करना संविधान के खिलाफ है? क्या उनकी शिक्षा, उनकी भर्ती परीक्षा और नौकरियों के बारे में उनसे बातचीत करना कोई पाप है?

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दरभंगा में अंबेडकर छात्रावास में राहुल गांधी के दौरे में कथित तौर पर बाधा डालने के लिए बिहार की एनडीए सरकार की आलोचना की। खड़गे ने सवाल किया कि क्या दलित और पिछड़े वर्ग के छात्रों की शिक्षा और रोजगार पर चर्चा करना संविधान के खिलाफ है। उन्होंने जेडीयू-भाजपा बिहार सरकार पर संवाद को रोकने का आरोप लगाया। राहुल गांधी को अंबेडकर छात्रावास जाते समय बिहार पुलिस ने रोक लिया, फिर भी वे कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पैदल ही चले गए। खड़गे ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि अब क्या दलित, वंचित, पिछड़े वर्ग के छात्रों से संवाद करना संविधान के खिलाफ है? क्या उनकी शिक्षा, उनकी भर्ती परीक्षा और नौकरियों के बारे में उनसे बातचीत करना कोई पाप है? उन्होंने कहा कि जदयू-भाजपा सरकार ने बिहार में दरभंगा के आंबेडकर हॉस्टल में शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम में राहुल गांधी को शामिल होने से रोकना तानाशाही की पराकाष्ठा है। लोकतंत्र की जन्मस्थली, बिहार इस अन्याय को याद रखेगी और समय आने पर जदयू-भाजपा को इसका उचित जवाब भी देगी। राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू होने तक अपनी लड़ाई जारी रखेगी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने बिहार के दरभंगा में आंबेडकर छात्रावास में कांग्रेस के शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम के तहत छात्रों से बातचीत की। उन्होंने कहा, कांग्रेस देश के निजी शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण लागू करने की मांग करती है।

हम इस संबंध में सरकार पर दबाव बनाएंगे... हमारी लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक यह हासिल नहीं हो जाता। गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा, यह सरकार दलितों, अति पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के खिलाफ है। उन्होंने यह भी मांग की कि केंद्र राष्ट्रव्यापी जातिगत गणना के लिए तेलंगाना मॉडल का पालन करे। कांग्रेस नेता ने कहा, केंद्र को यह काम उसी तरह करना चाहिए जिस तरह तेलंगाना सरकार ने किया है।

इस घटना पर प्रियंका गांधी वाद्रा ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे शर्मनाक, निंदनीय और कायराना कृत्य बताया और कहा कि बिहार सरकार को बताना चाहिए कि क्या नेता प्रतिपक्ष का आम जनता से मिलना अब अपराध बन गया है।

# भाजपा क्या कार्रवाई कर रही है? मंत्री विजय शाह के बयान पर भड़के दिग्विजय सिंह



कांग्रेस नेता ने कहा कि मैं पीएम नरेंद्र मोदी और जेपी नड्डा से पूछना चाहता हूं कि क्या यह बयान सही है? अगर सही है तो उन्हें विजय शाह को बचाना चाहिए, नहीं तो उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

एजेंसी

नयी दिल्ली। कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह के बयान पर कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने पलटवार किया है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि मैं भारतीय सेना के इतने सम्मानित अधिकारी के खिलाफ इस्तेमाल किए गए ऐसे शब्दों की निंदा करता हूं। मैं हाईकोर्ट के आदेश का स्वागत करता हूं, और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। लेकिन यह एक कानूनी प्रक्रिया है।

भाजपा क्या कार्रवाई कर रही है? यह सिर्फ विजय शाह का बयान नहीं है, बल्कि भाजपा की पूरी ट्रोल आर्मी और जो लोग संघी मानसिकता से ग्रसित हैं। पूरी भाजपा ऐसी ही मानसिकता से ग्रसित है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मैं पीएम नरेंद्र मोदी और जेपी नड्डा से पूछना चाहता हूं कि क्या यह बयान सही है? अगर सही है तो उन्हें विजय शाह को बचाना चाहिए, नहीं तो उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के स्वतः संज्ञान लेने के कारण शाह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी भाजपा ने उन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है जिससे साफ है कि सत्तारूढ़ दल काबीना मंत्री को बचाने में लगा है।

## सम्पादकीय

# पाकिस्तान के बुरी तरह मात खाने से बौखलाया चीन

भारत को वन चाइना के साथ अपनी तिब्बत नीति पर भी नए सिरे से विचार करना होगा। इससे भी जरूरी बात यह है कि चीनी वस्तुओं पर निर्भरता घटानी होगी। यह अफसोस की बात है कि मेक इन इंडिया अभियान और भारत को आत्मनिर्भर बनाने की पहल के बाद भी चीनी आयात में कमी नहीं लाई जा पा रही है। भारत के साथ सैन्य टकराव में अपने सदाबहार दोस्त पाकिस्तान के बुरी तरह मात खाने से चीन किस तरह बौखलाया है, इसका पता इससे भी चला कि उसने अरुणाचल के 27 स्थानों के चीनी नाम दे दिए। इनमें आवासीय क्षेत्रों के साथ पहाड़ और नदियां भी हैं। यह ध्यान रहे कि वह अरुणाचल को पहले ही चीनी नाम दे चुका है। क्या यह हास्यास्पद नहीं कि पहले तो उसने अरुणाचल को चीनी नाम दिया और फिर उसके अलग-अलग क्षेत्रों का नया नामकरण करने में लगा हुआ है? साफ है कि वह खीझ मिटाने के लिए अपनी बचकानी हरकतों से भारत को उकसाना चाहता है। वह ऐसी हरकतें पहले भी करता रहा है। शायद उसने यह मुगालता पाल लिया है कि अरुणाचल के एक साथ 27 स्थानों को चीनी नाम देने से भारत दबाव में आ जाएगा ऐसा तो बिल्कुल भी नहीं होने वाला और उलटे भारत को इस नतीजे पर पहुंचने में और आसानी होगी कि वह उतना ही धोखेबाज है, जितना पाकिस्तान। चीन ने पाकिस्तान को आपरेशन सिंदूर की तपिश से बचाने के लिए हरसंभव कोशिश की, लेकिन वह नाकाम रहा। दोयम दर्जे के चीनी हथियार पाकिस्तान के लिए मुसीबत बन गए और वह इतना असहाय हो गया कि उसे अमेरिका से गुहार लगानी पड़ी। चीन इसलिए और अधिक बौखलाया है, क्योंकि भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन, मिसाइल आदि की इस कदर पोल खोल कर रख दी कि अब उसके लिए दुनिया के निर्धन देशों को अपने हथियार बेचना कठिन होगा। पाकिस्तान ने जिस चीनी मिसाइल का इस्तेमाल किया था, उसे भारत ने नाकाम कर दिया। इसके नतीजे में इस मिसाइल का निर्माण करने वाली चीनी कंपनी के शेयर लुढ़क गए। चूंकि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के साथ ही चीन पर भी तगड़ी चोट की है, इसीलिए उसे सूझ नहीं रहा कि वह अपनी झेंप कैसे मिटाए। यह ठीक है कि भारत ने चीनी हरकत पर यह जवाब दिया कि इससे सच्चाई बदलने वाली नहीं है, लेकिन उसके खिलाफ कुछ और भी करना होगा। बतौर उदाहरण दक्षिण चीन सागर को दक्षिण पूर्व एशिया सागर कहना होगा। भारत को वन चाइना के साथ अपनी तिब्बत नीति पर भी नए सिरे से विचार करना होगा। इससे भी जरूरी बात यह है कि चीनी वस्तुओं पर निर्भरता घटानी होगी। यह अफसोस की बात है कि मेक इन इंडिया अभियान और भारत को आत्मनिर्भर बनाने की पहल के बाद भी चीनी आयात में कमी नहीं लाई जा पा रही है।

## आज का विचार

किसी ने बहुत अच्छी बात कही है मैं तुम्हें इसलिए सलाह नही दे रहा कि मैं ज्यादा समझदार हूं बल्कि इसलिए दे रहा हूं कि मैंने जिंदगी में गलतियां तुमसे ज्यादा की है।

भारत संवाद




**मेष राशि** :दिन अनुकूल रहेगा. काम में सफलता मिलेगी और गुप्त तरीकों से धन आने की संभावना भी रहेगी. स्वास्थ्य का ध्यान रखें और भोजन अच्छे से करें. लव पार्टनर के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे

**वृषभ राशि** :दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है. आपके खर्चों में बढ़ोतरी होगी, इसके लिए आपको धन का सही प्रबंधन करने की जरूरत है. कार्यस्थल पर आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे और साथियों का सहयोग भी मिलेगा. संतान की ओर से कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है.

**मिथुन राशि** : दिन सामान्य फलदायक रहेगा. दांपत्य जीवन में तनाव के बीच प्यार की मीठी बातें भी होंगी, जिससे आपके रिश्ते में घनिष्ठता बढ़ेगी. लव लाइफ वालों के लिए कल का दिन काफी उत्तम है. कार्यक्षेत्र में लोगों के प्रयास और कड़ी मेहनत से कुछ अच्छा काम करके दिखाएंगे

**कर्क राशि** : दिन साधारण है. आपके महत्वपूर्ण काम बनते बनते बिगड़ सकते हैं क्योंकि आपका भाग्य कमजोर होगा. सभी से अच्छा बर्ताव करना जरूरी होगा नहीं तो स्थितियां हाथ से निकल सकती हैं. हर काम को सफल बनाने के लिए आपको अधिक मेहनत करनी होगी.

**सिंह राशि** : दिन अच्छा रहने वाला है. कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा और आपके खर्चे भी नियंत्रण में रहेंगे. सुख सुविधा में दिन बिताएंगे. अपने लव पार्टनर के साथ वक्त बिताने का अच्छा अवसर मिलेगा. परिवार में किसी बड़े का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, जिसकी वजह से भागदौड़ करनी पड़ सकती है.

**कन्या राशि** : दन बहुत समझदारी से चलने का है. कार्यक्षेत्र में कल का दिन काफी अनुकूलता लेकर आएगा. आप काफी उत्साह वाले मूड में रहेंगे और कार्य में सफलता भी मिलेगी.

**तुला राशि** : दिन आपके चेहरे पर मुस्कान लाने वाला होगा. आप ट्रेवलिंग पर जा सकते हैं, जहां आपको कुछ नए लोग मिलेंगे. पारिवारिक जीवन में खुशियां रहेंगी.

**वृश्चिक राशि**: दिन अनुकूल रहेगा. कहीं से अटका हुआ पैसा वापस आ सकता है, जिससे आपको हिम्मत मिलेगी और कुछ नया काम शुरू करने की सोचेंगे. ससुराल से कोई खुशखबरी मिलेगी, जिससे आपका मन हर्षित होगा.

**धनु राशि** : दिन मानसिक तनाव लेकर आ सकता है. खर्चे बने रहेंगे लेकिन इनकम भी बढ़ती रहेगी. वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं, दुर्घटना होने की आशंका बन रही है. पारिवारिक जीवन बेहतर रहेगा. दांपत्य जीवन में स्थितियां सुधरेंगी और आप एक दूसरे के निकट आएंगे.

**मकर राशि** : दिन मध्यम फलदायी रहेगा. कामकाज की अधिकता की वजह से सेहत खराब हो सकती है, साथ ही मानसिक रूप से तनावग्रस्त भी रहेंगे. आपके खर्चे अधिक होंगे और इनकम उनकी अपेक्षा में थोड़ी कम होगी. जैसे जैसे दिन आगे बढ़ेगा, आपकी स्थिति सुधारने लगेगी.

**कुंभ राशि** : दिन बढ़िया रहने वाला है. काम में मजबूती महसूस करेंगे और अधिकारीगण आपसे खुश रहेंगे. दैनिक व्यापारियों की अच्छी इनकम भी होगी. व्यापार के सिलसिले में की गई यात्रा सफलता देंगी और व्यापारिक ऑर्डर भी मिलेगा. पारिवारिक जीवन में किसी बात से थोड़ी समस्या हो सकती है. किसी से कहासुनी हो सकती है. घर के बुजुर्गों के साथ नए बिजनस के बारे में डिस्कशन कर सकते हैं.

**मीन राशि** :दिन बढ़िया रहेगा. आपकी बुद्धिमानी काम आएगी और चुनौतियों पर जीत हासिल करेंगे. धन के मामले में दिन बढ़िया रहेगा. पिता का स्वास्थ्य खराब हो सकता है लेकिन आपका स्वास्थ्य सुधरने लगेगा. पारिवारिक जीवन में अनुकूल समय रहेगा. लव लाइफ में प्यार भरा दिन रहेगा और आपको पार्टनर का पूरा साथ मिलेगा. जीवनसाथी के साथ बच्चों के भविष्य को लेकर कुछ ठोस निर्णय ले सकते हैं.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# बना रहे दरकते पाकिस्तान पर भारत का दबाव, आर्थिक और सामाजिक स्थिति बहुत बदहाल

> अब भारत का दूरगामी लक्ष्य न केवल सिंध पंजाब और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के ह्यटेरर-इकोसिस्टमह्न को छिन्न-भिन्न करना वरन बलूचिस्तान और खैबर-पख्तूनख्वा में अन्याय अत्याचार और मानवाधिकार-उल्लंघन के खिलाफ आवाज उठाना भी होना चाहिए। इससे अंदर ही अंदर दरक रहे पाकिस्तान पर और दबाव बनेगा।

आपरेशन सिंदूर न केवल पहलगाम आतंकी हमले पर पाकिस्तान को करारा जवाब है, वरन भारत की सैन्य क्षमता का साहसिक प्रदर्शन भी है। भारत ने सामरिक घात-प्रतिघात रोकना अपनी शर्तों पर स्वीकार किया, जिसमें सिंधु जल संधि के स्थगन पर फैसला कायम रखना और आतंकी गतिविधियों को युद्ध की संज्ञा देना शामिल है। कई लोग चाहते थे कि भारत कुछ ऐसा करता, जिससे समस्या का स्थायी समाधान होता, पर आखिर भारत ऐसा करता क्या? आपरेशन सिंदूर का लक्ष्य था-आतंकियों और उनके अड्डों को चिह्नित कर उन्हें नष्ट करना और उन्हें प्रश्रय देने वालों को दंडित करना। इस लक्ष्य की बड़े हद तक पूर्ति हुई। आपरेशन सिंदूर से ह्यमोदी सिद्धांतह्न का उद्भव हुआ, जो अब भारत की आतंक विरोधी नीति का स्थायी तत्व है। इतिहास गवाह है कि पाकिस्तान भारत के विरुद्ध आतंकवाद से बाज नहीं आता, पर मोदी सिद्धांत उसके सैन्य समाधान हेतु तैयार है। इसे पाकिस्तान को समझना होगा, क्योंकि उसकी राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति बदहाल है। पाकिस्तान में पंजाब, सिंध, बलूचिस्तान, खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत हैं। संघ शासित क्षेत्र गिलगित-बाल्टिस्तान एवं पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर है। विभाजन के समय इसमें पूर्वी पाकिस्तान भी था, जो 1971 में बांग्लादेश बना। पाकिस्तान में अनेक विभाजनकारी कारक हैं। पाकिस्तानी लोकतंत्र में क्षेत्रीयता, जातीयता और भाषाई अस्मिताओं को समुचित प्रतिनिधित्व कभी नहीं मिला। पाकिस्तान में पंजाबी 42.15 प्रतिशत, सिंधी 14.1 प्रतिशत, पश्तून या पठान-पख्तून 17.42 प्रतिशत, बलूच 3.57 प्रतिशत और मुहाजिर (भारत से गए मुस्लिम) 7.57 प्रतिशत हैं। ये जातीय



अस्मिताएं अलग-अलग प्रांतों में सिमटी हैं। पंजाब में पंजाबी बोली जाती है, सिंध में मुहाजिर उर्दू पसंद करते हैं और सिंधी को राजभाषा बनाने से पंजाबियों, सिंधियों और पठानों से नाराज हैं। बलूचिस्तान में बलूची और पश्तो बोली जाती है, खैबर-पख्तूनख्वा में पख्तून पश्तो बोलते हैं। इस कारण सिंधी, बलूच, पख्तून केवल अपने ही लोगों को वोट देते हैं, जिसका अलग-अलग दल लाभ उठाते हैं। वैसे तो सामाजिक विविधताएं बगिया के फूल की भांति होती हैं, लेकिन जब उन्हें राजनीतिक शक्ति संस्थाओं में समुचित स्थान नहीं मिलता, तो वे विभाजनकारी हो जाती हैं। पाकिस्तान ने 1971 के विभाजन से कुछ सीखा नहीं। बांग्ला भाषाई अस्मिता के कारण उसे पूर्वी पाकिस्तान खोना पड़ा। आज वही स्थिति बलूचिस्तान में है, जिसके पास पाकिस्तान का 43.6 प्रतिशत भू-भाग है। उसके पास सोना, तांबा, कोयला, गैस आदि का विशाल भंडार है, पर उसकी राजनीतिक हिस्सेदारी नगण्य है। कई बलूच गुट दशकों से संघर्षरत हैं। बलूचिस्तान के लिए आवंटित पाकिस्तानी बजट का 70 प्रतिशत हिस्सा वहां के कबाइली बलूच सरदारों को देना पड़ता है और केवल 30 प्रतिशत ही प्रांतीय सरकार को खर्च हेतु मिलता है। बलूची स्वतंत्रता की मांग कर रहे हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र को आमंत्रित किया है। विगत 75 वर्षों से पाकिस्तानी सेना और सरकार बलूचों पर अत्याचार कर रहे हैं। बलूचों की तरह पख्तून भी पाकिस्तान से खार खाए बैठे हैं। पाकिस्तान में राजनीतिक संस्थाओं पर एक प्रांत, एक जातीयता और एक भाषा वाले लोगों का वर्चस्व है, जो दूसरा बड़ा विभाजनकारी तत्व है। वहां पंजाबी सबसे बड़ा समूह है। संख्या, शिक्षा और संपन्नता के कारण सेना और राजनीति पर उसका एकाधिकार है। पाकिस्तानी संसद (नेशनल असेंबली) में सिंध, बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा आदि के मुकाबले पंजाब के पास कहीं अधिक सीटें हैं। इसी कारण पूरे पाकिस्तान पर पंजाब हावी रहता है। बलूचों और अन्य की नीति-निर्माण में भूमिका नगण्य है। पाकिस्तानी संविधान के अनुच्छेद 2 के अनुसार पाकिस्तान में इस्लाम ही राजकीय रिलीजन है, लेकिन शिया, सुन्नी, बरेलवी, देवबंदी, खारजी समेत दर्जनों अन्य फिरके मुस्लिम समाज के विभाजनकारी सीमांकनों के संकेतक हैं। अहमदिया तो इस्लाम से खारिज ही हैं। पाकिस्तान इन विभाजनकारी कारकों पर इस्लामिक-विचारधारा का ब्रेक लगाने की कोशिश करता है, पर इन वर्गों को सत्ता में न्यायपूर्ण हिस्सेदारी न देने से पाकिस्तान इसमें सफल नहीं है। तीसरा विभाजनकारी कारक पाकिस्तान में संवैधानिक और गैर-संवैधानिक संस्थाओं की पारस्परिक अस्मिता स्पर्धा और शक्ति संघर्ष है। पाकिस्तान की लाहौर यूनिवर्सिटी आफ मैनेजमेंट साइंस में मोदी की चुनावी विजय के कारणों पर व्याख्यान देने का अवसर मिला था। वहां लोगों से बातचीत में अनुभव हुआ कि पाकिस्तान के अंदर तो कई पाकिस्तान हैं, जिसमें एक वहां की जनता का है, जिसकी परवाह सरकार, सेना, आइएसआइ और मीडिया किसी को नहीं। शासन-प्रशासन के सैन्यीकरण से जनता अपने मनोभावों को व्यक्त नहीं कर पाती, इसलिए मीडिया में वहां की सही तस्वीर नहीं आ पाती। विगत 75 वर्षों में पाकिस्तान के मदरसों और स्कूलों में भारत और हिंदुओं के विरुद्ध इतना विष भरा गया है कि कई पीढ़ियां उससे उबर न पाएंगी। वहां के मुल्ला-मौलवी खुले आम गजवा-ए-हिंद और जिहाद की बातें करते हैं। इसी के चलते अलकायदा, लश्कर, जैश, हिजबुल जैसे न जाने कितने आतंकी संगठनों ने पाकिस्तान को आतंक की फैक्ट्री बना दिया है, जिसे सेना और आइएसआइ का खुला संरक्षण प्राप्त है। यह भारत के हमले में मारे गए आतंकियों के जनाजे में सेना के अफसरों के शामित होने से साबित भी हुआ। इस जनाजे में एक घोषित आतंकी भी था, जिसे पाकिस्तानी सेना ने स्थानीय मौलाना बताने की नाकाम कोशिश की। अब भारत का दूरगामी लक्ष्य न केवल सिंध, पंजाब और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के ह्यटेरर-इकोसिस्टमह्न को छिन्न-भिन्न करना, वरन बलूचिस्तान और खैबर-पख्तूनख्वा में अन्याय, अत्याचार और मानवाधिकार-उल्लंघन के खिलाफ आवाज उठानाडॉ. एके वर्म। आपरेशन सिंदूर न केवल पहलगाम आतंकी हमले पर पाकिस्तान को करारा जवाब है, वरन भारत की सैन्य क्षमता का साहसिक प्रदर्शन भी है। भारत ने सामरिक घात-प्रतिघात रोकना अपनी शर्तों पर स्वीकार किया, जिसमें सिंधु जल संधि के स्थगन पर फैसला कायम रखना और आतंकी गतिविधियों को युद्ध की संज्ञा देना शामिल है। कई लोग चाहते थे कि भारत कुछ ऐसा करता, जिससे समस्या का स्थायी समाधान होता, पर आखिर भारत ऐसा करता क्या? आपरेशन सिंदूर का लक्ष्य था-आतंकियों और उनके अड्डों को चिह्नित कर उन्हें नष्ट करना और उन्हें प्रश्रय देने वालों को दंडित करना। इस लक्ष्य की बड़े हद तक पूर्ति हुई। आपरेशन सिंदूर से मोदी सिद्धांत का उद्भव हुआ, जो अब भारत की आतंक विरोधी नीति का स्थायी तत्व है। इतिहास गवाह है कि पाकिस्तान भारत के विरुद्ध आतंकवाद से बाज नहीं आता, पर मोदी सिद्धांत उसके सैन्य समाधान हेतु तैयार है। इसे पाकिस्तान को समझना होगा, क्योंकि उसकी राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति बदहाल है।

# भारत की आंतरिक सुरक्षा भी एक बड़ा प्रश्न

**संजीव ठाकुर**

पहलगाम के आतंकवादी हमले 27 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या के जवाब में हमने ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान के हवाई सुरक्षा ठिकानों को नष्ट करके उनके लगभग सौ आतंकवादियों को मार के एक आम आंशिक फतेह जरूर प्राप्त कर ली है। इससे यह तो पता चला कि हमारी सीमा की सुरक्षा व्यवस्था एकदम चुस्त और दुरुस्त है हमारी सुरक्षा व्यवस्था के चलते ही हमने पाकिस्तान को घुटने पर लाकर समझौते के लिए क्षमा याचना करने हेतु मजबूर कर दिया है।भारत मे बाहरी सुरक्षा के साथ-साथ देश को अपनी आंतरिक सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान देना होगा क्योंकि भारत में अंतरिक्सुरक्षा भी एक बड़ा प्रश्न चिन्ह लेकर खड़ा हुआ है क्या हम आंतरिक रूप से सुरक्षित हैं इस यक्ष प्रश्न को विस्तृत रूप से समझने के लिए कुछ बातें अत्यंत आवश्यक हैह्न

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैह्न स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया हैह्न देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकतें हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता ही है कि जिसके कारण संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा,विवाद किसी भी मसले का कोई हल नहीं पर यह लोकतंत्र के लिए एक दाग के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक



भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक, प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बबार्दी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैंह्न देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है।उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है।

# ऑपरेशन सिंदूर की अमर गाथा लिखने वाली सेना के प्रति राष्ट्र की भूमिका

**(विवेक रंजन श्रीवास्तव)**

भारतीय सैनिकों का इतिहास सदा से अदम्य साहस, समर्पण और देशभक्ति से भरा हुआ है। ऑपरेशन सिंदूर भी उसी गौरवशाली गाथा का नया अध्याय है। हमारी सेना ने अद्वितीय वीरता दिखाते हुए दुश्मन को नए उपकरणों से आक्रमण तथा सुरक्षा में तकनीकी कौशल से मुंहतोड़ जवाब दिया। यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि हर उस सैनिक के संघर्ष का प्रतीक है, जो सीमा पर देश की रक्षा के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने को हमेशा तैयार रहता है। भारत की वायु सेना के मिसाइल आक्रमण बेमिसाल थे। देश की गुप्तचर एजेंसी ने सफलता की अद्भुत कहानी लिखी है। सीमा पर थल सेना अग्निपरीक्षा से गुजर रही थी। जवानों का संघर्ष अद्वितीय है।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सैनिकों ने न केवल शारीरिक चुनौतियों का सामना किया, बल्कि मानसिक रूप से भी खुद को मजबूत रखा। ऊँचे पहाड़ों,खतरनाक मौसम और दुर्गम इलाकों में घात लगाए दुश्मन से लोहा लेना , बिना सीमा पार किए पाकिस्तान पर हमारे देश के वीर सैनिकों ने अभूतपूर्व प्रहार किए। यह असाधारण बात थी। हर उड़ान,हर कदम पर जान का जोखिम, परिवार से दूरियाँ, और अनिश्चितता के बीच सैन्य दल का धैर्य असाधारण था।

अब जबकि सीमा पर अपेक्षाकृत शांति है, देशवासियों का कर्तव्य है कि हम सब अपनी अपनी तरह से हमारी सेना के प्रति संजीदगी से कृतज्ञता ज्ञापित करें । सैनिकों के परिवारों का सहारा बनें ।

जब जवान सीमा पर डटे होते हैं, तो उनके परिवार की चिंता उनके मन में हमेशा बनी रहती है। ऐसे में समाज का दायित्व है कि वह सेना के साथ खड़ा रहें ।

हमारा आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग सैनिकों के परिवारों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजमर्रा की जरूरतों के लिए मदद बन सकता है। हमारे छोटे-छोटे दान, स्कॉलरशिप या रोजगार के अवसर उनके जीवन में बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

हम सेना को मानसिक संबल दे सकते हैं। सैन्य अभियानों के बाद जवानों और उनके परिवारों को मनोवैज्ञानिक समर्थन की आवश्यकता होती है। काउंसलिंग सेवाएँ, समर्थन समूह और मनोरंजन के कार्यक्रम उन्हें तनाव से उबारने में मदद कर सकते हैं।

शहीदों के बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देकर हम उनके भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं। इसी तरह, परिवार के सदस्यों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाना भी महत्वपूर्ण है। स्थानीय समुदाय इन परिवारों के साथ त्यौहारों, समारोहों या रोजमर्रा के कार्यों में शामिल होकर उन्हें अकेलापन महसूस न होने दें। अपना टैक्स समय पर देना हर नागरिक का कर्तव्य होता है। इसी से हमारा रक्षा बजट और सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

सैनिकों का सम्मान केवल शब्दों तक सीमित नहीं होना चाहिए। छोटे-छोटे प्रयास, जैसे सैन्य कल्याण कोष में योगदान, रक्तदान शिविरों में भाग लेना, या सेना के अस्पतालों में स्वयंसेवा करना, हमारी कृतज्ञता को व्यक्त करने के तरीके हैं। सोशल मीडिया पर उनकी बहादुरी की कहानियाँ साझा करके भी हम समाज में जागरूकता फैला सकते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर सारे मतभेद भुलाकर एकजुटता ही सेना की ताकत होती है। ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियान हमें याद दिलाते हैं कि देश की सुरक्षा का दायित्व सिर्फ सैनिकों पर नहीं, बल्कि हर नागरिक पर है। उनके परिवारों की मदद करना, उनके संघर्षों को समझना और उन्हें सम्मान देना ही सच्ची देशभक्ति है।

# महाराष्ट्र के जलगांव में बड़ा हादसा, मालगाड़ी के 5-6 डिब्बे पटरी से उतरे, नंदुरबार-सूरत रेल रूट प्रभावित

**जलगांव जिले के अमलनेर में बड़ा हादसा हुआ। अमलनेर स्टेशन के पास एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। सौभाग्यवश इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। ट्रेन के लोको पायलट और गार्ड सुरक्षित हैं। लेकिन इससे सूरत-भुसावल रेल यातायात बाधित हो गया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र के जलगांव जिले में गुरुवार दोपहर एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इससे पश्चिम रेलवे के नंदुरबार-सूरत खंड की दोनों लाइनों पर रेल यातायात प्रभावित हुआ है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बताया कि चंद्रपुर जिले के गुगुस से गुजरात के गांधीनगर जा रही इस मालगाड़ी के इंजन समेत सात डिब्बे जलगांव जिले के अमलनेर स्टेशन पर दोपहर 2:18 बजे पटरी से उतर गए। यह स्थान मुंबई से करीब 350 किलोमीटर दूर है।किसी के हताहत होने की सूचना नहींउन्होंने कहा कि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मालगाड़ी के चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। उद्धना, भुसावल और नंदुरबार से दुर्घटना राहत ट्रेनें (एआरटी) और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं। परिचालन बहाल करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है।

## नंदुरबार-सूरत रूट जाम

सूत्रों के अनुसार, इस घटना के चलते नंदुरबार-सूरत रूट की दोनों लाइनें अवरुद्ध हैं। अधिकारी ने कहा कि अवरुद्ध मार्ग पर संचालन दोबारा शुरू करने के प्रयास जारी है। इस दुर्घटना के बाद यातायात सामान्य होने में काफी देरी होने की संभावना है। इसका असर यात्री ट्रेनों पर भी पड़ेगा।

# पहलगाम के आतंकियों की सूचना देने पर शिवसेना देगी 10 लाख, शिंदे की पार्टी ने घोषित की अतिरिक्त इनाम राशि

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू कश्मीर में सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है। सुरक्षाबलों ने बीते दो दिन में छह आतंकियों को मार गिराया है, लेकिन पहलगाम के हमलावर पकड़ में आने बाकी है। शिवसेना ने पहलगाम के हमलावरों की सूचना देने पर अतिरिक्त इनाम की घोषणा की है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबईः महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना ने पहलगाम की आतंकियों की सूचना देने पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया है। शिवसेना की तरफ जारी एक बयान में कहा गया है शिवसेना ने पहलगाम आतंकी हमले के संदिग्धों की पहचान के लिए अतिरिक्त इनाम की घोषणा की है। संदिग्धों की पहचान के लिए सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये दिए जाएंगे। युवा सेना के नेता ने किया ऐलानशिवसेना के अनुसार पार्टी ने यह कदम आतंकवाद के खिलाफ एक कड़ा रुख रखते एकनाथ जी शिंदे के नेतृत्व में लिया गया है। पार्टी की युवा विंग ने इस इनाम राशि का ऐलान किया है। इस इनाम राशि का ऐलान राहुल कनाल की तरफ से किया गया है। राहुल कनाल कुछ समय पहले कुणाल कामरा कंट्रोवर्सी में चर्चित हुए थे। उन्होंने कुछ कार्यकताओं के साथ उस स्टूडियो को तोड़ दिया था। जिसमें कुणाल कमारा ने शिंदे पर कटाक्ष करने वाले वीडियो शूट किया था।इसके बाद कनाल के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई थी। राहुल एन कनाल ओयूएमबीएआई फाउंडेशन चलाते हैं। वह शिवसेना के सोशल मीडिया प्रभारी होने के साथ यूथ विंग युवा सेना के महासचिव हैं।

## शिवसेना ने दी यह दलील

राहुल कनाल के अनुसार यह घोषणा जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा तीन संदिग्धों की तस्वीरें जारी करने के जवाब में की गई है, जिसके लिए उन्होंने 20 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। एकनाथ जी शिंदे ने कहा है कि हम आतंकवाद और इसका समर्थन करने वालों के खिलाफ मजबूती से खड़े हैं। हम नागरिकों से आग्रह करते हैं कि वे ऐसी कोई भी जानकारी लेकर आगे आएं, जिससे इन अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने में मदद मिल सके। शिवसेना के अनुसार इनाम राशि में इजाफा करके, हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दोषियों को जवाबदेह ठहराया जाए और पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय मिले। शिवसेना ने 10 लाख रुपये देने का ऐलान किया है।

## शिवसेना ने जारी किए नंबर

पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे और जांच जारी है। शिवसेना की पहल का उद्देश्य संदिग्धों को पकड़ने में जम्मू-कश्मीर पुलिस के प्रयासों का समर्थन करना है।

फास्ट ट्रैक

# धारावी बनेगी मुंबई की धड़कन, रिडेवलपमेंट में ग्रीन सेक्टर भी जोड़े गए, मास्टर प्लान तैयार

**धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपी) में पुनर्विकसित क्षेत्रों में सर्वोत्तम बुनियादी सुविधाओं के साथ 'ग्रीन धारावी' की अवधारणा के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। पुनर्विकास की योजना धारावी को पूरी तरह से बदलने की है। इसमें हरित क्षेत्रों को बनाए रखने पर खास फोकस किया गया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट (डीआरपी) मुंबई में एक बड़ी योजना है। इसके तहत धारावी को पूरी तरह से बदलने का लक्ष्य है। पुनर्विकासित क्षेत्र में अच्छी सुविधाएं होंगी। 'ग्रीन धारावी' बनाने पर खास ध्यान दिया जाएगा। धारावी को हरा-भरा और टिकाऊ बनाने के लिए मास्टरप्लान बनाया गया है। ऐसा कहा जा रहा है कि जैसे-जैसे प्रोजेक्ट का काम आगे बढ़ेगा। धारावी शहर को स्वच्छ हवा प्रदान करने वाली धड़कन बन सकता है।क्या है प्लान ?नए धारावी अधिसूचित क्षेत्रों (डीएनए) के मास्टरप्लान में प्रकृति को शहरी वातावरण में लाने पर जोर दिया जाएगा। धारावी पुनर्विकास परियोजना में बुनियादी सुविधाएं देते समय खुली जगह रखने पर ध्यान दिया गया है। पुनर्वास और नई इमारतों के आसपास हरे-भरे क्षेत्र और मनोरंजन के लिए जगह होगी। यह सब मास्टरप्लान में शामिल है। 'महाराष्ट्र नेचर पार्क' से प्रेरणा लेकर धारावी में 'हरित संकल्पना' लागू की जाएगी। यह पार्क मीठी नदी के पास है और मानव निर्मित जंगल है।मीठी नदी के पास बनेगा पार्क पार्कमीठी नदी के पास एक बड़ा उद्यान बनेगा। जल स्त्रोतों को नया रूप दिया जाएगा और उन्हें सुंदर बनाया जाएगा। मनोरंजन के लिए भी बदलाव किए जाएंगे। एक नया नक्शा बनेगा और आसपास के क्षेत्रों को जोड़कर छोटे उद्यान और मैदान बनाए जाएंगे। इससे लोगों को खुली जगह और प्रकृति के करीब जाने का मौका मिलेगा।डीआरपी मास्टर प्लान क्या ?डीआरपी मास्टर प्लान समावेशी योजना और पर्यावरण अनुकूल दृष्टिकोण को लागू करेगा। केंद्र सरकार के दिशा-निदेशों और मुंबई नगर निगम की नीतियों के अनुसार बुनियादी ढांचे के लिए विशेष योजना मानकों को लागू किया जा रहा है। तदनुसार, निवासियों को उचित सीवेज जल निकासी प्रणाली, नियमित जल आपूर्ति, अग्नि सुरक्षा प्रणाली और सार्वजनिक सुविधाओं के साथ-साथ खुले स्थान भी उपलब्ध कराए जाएंगे। पुनर्निर्मित भवनों की योजना निवासियों को गुणवत्तापूर्ण जीवन, स्वच्छता और सार्वजनिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाई गई है।

# पश्चिम रेलवे चलाएगी दो जोड़ी ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनें

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से बांद्रा टर्मिनस-पालीताना और उधना-गया स्टेशनों के बीच विशेष किराये पर दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः

ट्रेन संख्या 09009/09010 बांद्रा टर्मिनसझपालीताना सुपरफास्ट स्पेशल [02 फेरे]:

ट्रेन संख्या 09009 बांद्रा टर्मिनस - पालीताना स्पेशल रविवार, 18 मई, 2025 को बांद्रा टर्मिनस से 19.25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09.25 बजे पालिताना पहुँचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09010 पालीताना - बांद्रा टर्मिनस स्पेशल सोमवार, 19 मई, 2025 को पालिताना से 20.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 10.45 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद, बोटाद, धोला, सोनगढ़ और सिहोर गुजरात स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी 3 टियर (इकोनॉमी) और एसी चेयर कार कोच हैं।

ट्रेन संख्या 09039/09040 उधना-गया साप्ताहिक स्पेशल [12 फेरे]:

ट्रेन संख्या 09039 उधना-गया स्पेशल हर शुक्रवार को उधना से 22.00 बजे रवाना चलेगी और रविवार को 03.15 बजे गया पहुँचेगी। यह ट्रेन 23 मई से 27 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09040 गया-उधना स्पेशल हर रविवार को गया से 07.10 बजे चलेगी और अगले दिन 14.00 बजे उधना पहुँचेगी। यह ट्रेन 25 मई से 29 जून, 2025 तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, बारडोली, नंदुरबार, अमलनेर, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, सासाराम और डेहरी ऑनसोन स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच हैं।

ट्रेन संख्या 09009, 09010 और 09039 की बुकिंग 16.05.2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और कफउळउ की वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www .enquiry. indianrail. gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# पाकिस्तान से दोस्ती दिखाने वाले तुर्की के खिलाफ आक्रोश बढ़ा, बॉयकॉट ट्रेंड के बीच मुंबई एयरपोर्ट पर शिवसेना का प्रदर्शन

**पाकिस्तान का साथ देने पर भारत में तुर्की का विरोध तेज होता जा रहा है। देश भर में विरोध प्रदर्शनों के बीच मुंबई एयरपोर्ट पर शिवसेना का विरोध सामने आया है। शिवसेना ने कहा है कि मुंबई हवाई अड्डे से जुड़ी तुर्की कंपनी के साथ करार खत्म किया जाए।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः पहलगाम आतंकी हमले और फिर भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान का साथ देने पर तुर्की का विरोध तेज होता जा रहा है। शिवसेना के नेताओं ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से तुर्की की कंपनी को हटाने की मांग की है। तुर्की की कंपनी सेलेबी एनएएस एयरपोर्ट सर्विसेज के साथ मुंबई एयरपोर्ट का करार है। शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के विधायक मुरजी पटेल के नेतृत्व में 13 मई को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विरोध प्रदर्शन हुआ था। पाकिस्तान की मदद करने पर देश मे तुर्की के खिलाफ तीखा विरोध हो रहा है। टूर ऑपरेटर तुर्की की बुकिंग नहीं ले रहे हैं। तुर्की के फलों का भी बॉयकॉट हुआ है। जेएनयू ने एमओयू रद्द किया है तो वहीं मार्बल कारोबारी खिलाफ हो गए हैं।

## तुर्की के खिलाफ मोर्चा

शिवसेना के अनुसार सेलेबी मुंबई हवाई अड्डे पर लगभग 70% ग्राउंड संचालन संभालती है, जिसमें यात्री सेवाएं, लोड नियंत्रण, उड़ान संचालन, कार्गो और डाक सेवाएं, गोदाम और पुल संचालन शामिल हैं। भारत पाकिस्तान के बीच तनाव के दौरान सामने आया था कि तुर्की ने पड़ोसी देश की मदद की। भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया था कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ तुर्की के हथियारों का इस्तेमाल किया था। देशभर में तुर्की के खिलाफ नाराजगी के बीच शिवसेना ने यह मांग उठाई है। तुर्की की कंपनी मुबई के साथ दिल्ली के एयरपोर्ट से भी जुड़ी हुई है। देश में जिस तरह से तुर्की के खिलाफ विरोध हो रहा है। ऐसे में उसकी हालात मालदीव जैसी हो सकती है। भारत के बॉयकॉट करने से तुर्की को बड़ी आर्थिक चोट लगने की उम्मीद है।

# शिवसेना यूबीटी से दिया था इस्तीफा... कौन है तेजस्वी घोसालकर, जिन्हें उद्धव ठाकरे ने मातोश्री बुलाया

**मुंबई में, शिवसेना (यूबीटी) नेता तेजस्वी घोसालकर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पारिवारिक विवाद और पार्टी के भीतर समर्थन की कमी के कारण उन्होंने यह फैसला लिया। उनके फैसले से राजनीतिक गलियारों में चर्चा है। आगामी मुंबई नागरिक चुनावों में उनकी भूमिका पर सबकी निगाहें टिकी हैं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः उद्धव सेना के सभी पदों से इस्तीफा देकर सुर्खियों में आईं पूर्व नगरसेविका तेजस्वी घोसालकर ने बुधवार को पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे से बांद्रा स्थिति उनके मातोश्री निवास पर मुलाकात की। उद्धव से मिलने के बाद तेजस्वी ने कहा कि उद्धव ठाकरे से वे मिलीं और अपनी बात उनके सामने रखी। मेरे कुछ प्रश्नों का उन्होंने उत्तर भी दिया। तेजस्वी ने साफ किया कि आज भी वे उद्धव सेना में ही हैं।कौन हैं तेजस्वीमुंबई महानगरपालिका की पूर्व नगरसेविका तेजस्वी दहिसर विधानसभा क्षेत्र में दबदबा रखने वाले यूबीटी नेता और पूर्व विधायक विनोद घोसालकर की पुत्रवधु हैं। तेजस्वी के पति अभिषेक घोसालकर की 2024 के शुरूआत में फेसबुक लाइव के दौरान स्थानीय निवासी मौरिस नोरोन्हा ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। अभिषेक भी एक वक्त नगरसेवक थे।पति की गोली मारकर की गई थी हत्यातेजस्वी, दिवंगत शिवसेना पार्षद अभिषेक घोसालकर की पत्नी हैं। अभिषेक की फरवरी 2022 में फेसबुक लाइव के दौरान कारोबारी मॉरिस नोरोन्हा ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। नोरोन्हा, अभिषेक से रंजिश रखता था।

तेजस्वी ने कहा था कि वह जल्द ही पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे से मिलेंगी। उन्होंने अपने इस्तीफे की वजह पार्टी के कुछ कार्यकताओं द्वारा परेशान किए जाने को बताया है और कहा कि उन्होंने इस बारे में पार्टी के बड़े नेताओं को भी बताया था, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई। इस्तीफे की खबर फैलने के बाद उन्हें उद्धव ठाकरे ने मातोश्री बंगले पर बुलाया।

उद्धव सेना के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया

मंगलवार को तेजस्वी ने उद्धव सेना के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। तेजस्वी के इस्तीफा देते ही उद्धव सेना हरकत में आई। पार्टी में बने रहने के लिए उद्धव ठाकरे ने तेजस्वी से फोन पर बात की। तेजस्वी ने कहा कि वह अभी भी उद्धव सेना के साथ हैं। तेजस्वी ने कहा कि हमारे कुछ मुद्दे हैं और मुझे उम्मीद है कि उनका समाधान हो जाएगा। मैं उसी के अनुसार निर्णय लूंगी कि क्या करना है। इस सवाल को उन्होंने टाल दिया कि क्या वह बीजेपी में शामिल होंगी या पार्टी ने उन्हें कोई प्रस्ताव दिया है। इस पर तेजस्वी ने कहा कि मैंने सोचा था कि हमारे उठाए गए मुद्दे स्थानीय स्तर पर सुलझ जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ इसलिए मैं मातोश्री आई हूं।

# सोगरिया-दानापुर के मध्य गरीबरथ स्पेशल ट्रेन अब एलएचबी कोच से संचालित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर। रेल प्रशासन द्वारा समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से गाडी संख्या 09819/09820 सोगरिया-दानापुर-सोगरिया साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन के बीच समर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। वर्तमान में गाडी संख्या 09819/09820 सोगरिया-दानापुर-सोगरिया गरीबरथ स्पेशल ट्रेन को परिवर्तित रैक एलएचबी से चलाई जा रही है। इस गाडी में परिवर्तन के पश्चात 17 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनोमी कोच है। एलएचबी रैक की सुविधा मिलने से यात्रियों को अधिक अतिरिक्त बर्थ की सेवाएं मिलेगी। एलएचबी रैक के वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी कोच का किराया गरीबरथ के फेयर स्ट्रक्चर के अनुसार ही लिया जा रहा है। इस अतिरिक्त बर्थो का लाभ पश्चिम मध्य रेल के बारां, रुठियाई, गुना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, मैहर एवं सतना स्टेशनों के यात्रियों को भी मिलेगा। गाड़ी संख्या 09819 सोगरिया से दानापुर गरीबरथ स्पेशल ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन सोगरिया से दिनांक 12 मई 2025 और गाड़ी संख्या 09820 दानापुर से सोगरिया गरीबरथ स्पेशल ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन दानापुर से दिनांक 13 मई 2025 से शुरूआत हुई।एलएचबी कोच कंपोजीशनः- ट्रेन में 15 वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी एवं 01 जनरेटर कार, 01 एसएलआरडी सहित कुल 17 एलएचबी कोच है। उल्लेखनीय है कि एलएचबी कोच पारंपरिक (आईसीएफ) कोच की तुलना में काफी आरामदायक और अधिक सुरक्षित होते हैं। इनमें उच्च गति क्षमता होती है और वजन में हलके होते हैं। नए डिजायन में तैयार किये गए यह कोच यात्रा का सुखद अनुभव भी कराते हैं। अब यात्रियों को गरीबरथ के साइड मिडल बर्थ से निजात मिली।

# शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



भायंदर। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के मार्गदर्शन में शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने आज अपने सांसद निधि से मीरा भायंदर शहर के अनेक विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने सिल्वर पार्क सोसाइटी परिसर, शांति पार्क, सेंट जेवियर स्कूल, वीरुंगला केंद्र, शांति धाम सोसाइटी, सृष्टि सेक्टर नंबर 2, पेंकर पाढ़ा समेत अनेक स्थानों पर और रोड तथा अन्य जनहित विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर शिवसेना जिलाप्रमुख राजू भोईर, 145 मीरा भायंदर विधानसभा प्रमुख विक्रम प्रताप सिंह, सचिन मांजरेकर, पुर्व नगरसेवक अस्विन कासोदरिया, परशुराम म्हात्रे, रिया म्हात्रे, विद्याशंकर चतुर्वेदी, कमलेश भोईर, दिलीप भोईर, योगेश देवकर, आजाद पटेल समेत अनेक पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सांसद नरेश म्हस्के द्वारा शहर में एक साथ अनेक विकास कार्यों के भूमिपूजन से जनता खुश दिखाई दे रही है।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर वाहन ने स्कूटी को मारी टक्कर

जेवर, ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के मुरादगढ़ी गांव के रहने वाले सफाईकर्मी दंपति की स्कूटी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। यमुना एक्सप्रेसवे के 0 प्वाइंट से 22 किलोमीटर दूर रबूपुरा एरिया में हुआ। प्रेमपाल और उनकी पत्नी नेत्रवती स्कूटी से दिल्ली जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी।

## किसानों ने मनाई टिकैत की 14वीं पुण्यतिथि

मेरठ, भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों किसान भूनी टोल प्लाजा पर एकत्रित हुए। किसानों ने चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान किसानों ने टोल प्लाजा को फ्री कर दिया, जिससे हाइवे पर यातायात प्रभावित हुआ।

**पश्चिम रेलवे**

**मशीन से क्रश किए गए स्टोन बैलास्ट की खुदाई एवं आपूर्ति**

मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्रमांक : बीसीटी/25-26/53 दिनांक 13/05/2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थानः** विरार–जोरावासन अनुभाग – 3 वर्षों की अवधि हेतु पश्चिम रेलवे की उदवाड़ा स्थित खदान से मशीन से क्रश किए गए स्टोन बैलास्ट एवं रब्बल आदि की खुदाई और आपूर्ति का कार्य. **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 9,42,21,500/–. **ईएमडीः** रु. 6,21,100/–. **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 10.06.2025 को 15:00 बजे तक. **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 10.06.2025 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0150

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**एसी आईसीएफ कोचों के शौचालयों का उन्नयन कार्य**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, डिब्बा मरम्मत कार्यशाला, पश्चिम रेलवे, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-13 द्वारा **निविदा सूचना क्रमांकः डब्ल्यूआर-पीएल-एमई-ईएसटी-633542, दिनांकः 13.05.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम एवं स्थानः** "एसी आईसीएफ कोचों के शौचालयों का उन्नयन कार्य". **अनुमानित लागतः** रु. 8,13,11,249.40. **ईएमडीः** रु. 5,56,600/–. **ई-बोलियां ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 10.06.2025 को प्रातः 11:00 बजे तक. **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 10.06.2025 को प्रातः 11:30 बजे. बोली प्रपत्र एवं अन्य विवरण जैसे कि संशोधन आदि की जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है. 0148

Like us on : facebook.com/WesternRly

# विश्वस्तरीय तर्ज की अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ कोटा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास

## स्टेशन पर वीआईपी लाउन्ज, भव्य वेटिंग रूम, फुड प्लाजा और क्योस्क, लिफ्ट एवं एस्कलेटर तथा कान्कोर्स की सुविधाएँ यात्रियों को मिलेगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय तर्ज पर पुनर्विकसित करने का कार्य तीव्र गति किया जा रहा है। कोटा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य 207.63 करोड़ की लागत से किया जा रहा है जिसे इस वित्तीय वर्ष से पूर्व पूरा करने का लक्ष्य है। वर्त्तमान में कोटा स्टेशन का पुनर्विकास कार्य एडवान्स स्टेज पर है। स्टेशन का पुनर्विकास कार्य यात्री सुरक्षा एवं संरक्षा को देखते हुए त्तीव्रता के साथ गुणवत्ता पूर्ण मानकों तत्वों को ध्यान में किया जा सके इसके लिए डीआरएम द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है

### अत्याधुनिक यात्री सुविधाएँ:-

स्टेशन के 6765 वर्गमीटर में 02 आगमन ब्लॉक एवं 01 प्रस्थान ब्लॉक का निर्माण किया जायेगा, जहाँ अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद रहेगी। स्टेशन पर वीआईपी लाउन्ज, वेटिंग रूम, फुड प्लाजा और क्योस्क जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाएंगी। प्लेटफार्म नंबर 1 और 3 को जोड़ने की 2100 वर्गमीटर में 36 मीटर





चौड़ा कॉनकोर्स एरिया का निर्माण किया जायेगा। वहीं यात्रियों की सुविधा के लिए 08 लिफ्ट एवं 14 एस्कलेटर का प्रावधान किया गया है। ये पूरा स्टेशन दिब्यांग फ्रेंड्ली होगा तथा पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी। यात्री सुरक्षा एवं संरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरे भी लगाये जायेंगे। पर्यावरण सरंक्षण के लिए स्टेशन को ग्रीन बिल्डिंग के रूप में विकसित किया जायेगा और साथ ही सौर ऊर्जा एवं जल सरंक्षण की व्यवस्था भी की जाएगी। भविष्य में पुनर्विकसित कोटा स्टेशन विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगा और साथ क्षेत्र का आर्थिक विकास भी करेगा।

### वर्तमान कार्य प्रगति:-

1) फ्रंट स्टेशन बिल्डिंग आगमन हॉल-1 (प्लेटफॉर्म सं-1) और सकुर्लेटिंग एरिया-

स्टिचिंग स्लैब का काम पूरा हो गया है और ब्लॉक चिनाई का काम चल रहा है।

फ्रंट स्टेशन बिल्डिंग के लिए सभी पाइल का काम पूरा हो गया है।

कैनोपी का काम पूरा हो गया है।

ग्राउंड फ्लोर स्लैब (मुंबई छोर) का काम पूरा हो गया है।

स्लैब बीम बॉटम (मुंबई छोर) तक टॉप फ्लोर कॉलम का काम चल रहा है।

लिफ्ट और एस्केलेटर पिट का काम पूरा हो गया है।

सीवर पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा है।

फ्रंट स्टेशन बिल्डिंग प्रस्थान (प्लेटफॉर्म सं-1)

फिनिशिंग का काम, ग्रेनाइट फ्लोरिंग का काम चल रहा है।

2) रियर स्टेशन बिल्डिंग और सकुर्लेटिंग एरियाः-

पहला भाग (मुंबई छोर) ब्लॉक चिनाई का काम पूरा हो गया है, दूसरा भाग (दिल्ली छोर) ब्लॉक चिनाई का काम प्रगति पर है, कुल 44% चिनाई का काम पूरा हो गया है।

ग्राउंड फ्लोर स्लैब का 75% काम पूरा हो गया है, शेष 25% स्लैब ग्राउंड फ्लोर पर, स्लैब सुदृढीकरण और शटरिंग, कंड्यूटिंग का काम पूरा हो गया है।

पहली मंजिल का स्लैब 25% पूरा हो गया है (दिल्ली छोर पर), पहली मंजिल का कॉलम (मुंबई छोर) पूरा हो गया है और शीर्ष मंजिल के स्लैब (25%) के लिए स्टेजिंग शटरिंग का काम प्रगति पर है।

ग्राउंड फ्लोर प्लास्टरिंग का 39% काम पूरा हो गया है।

सीवर पाइपलाइन बिछाने का काम प्रगति पर है।

**पश्चिम रेलवे की ओर से बांद्रा टर्मिनस ⇄ पालीताणा के बीच सुपरफास्ट विशेष गाड़ी का संचालन**

| गाड़ी क्र. | आरंभिक स्टेशन तथा गंतव्य | संचालन के दिवस | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09009 | बांद्रा टर्मिनस – पालीताणा | 18.05.2025 | 19.25 बजे (रविवार) | 09.25 बजे (अगले दिन) |
| 09010 | पालीताणा – बांद्रा टर्मिनस | 19.05.2025 | 20.30 बजे (सोमवार) | 10.45 बजे (अगले दिन) |

**ठहराव** : बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद, बोताड, धोला, सोनगढ और सिहोर गुजरात स्टेशन पर दोनों दिशाओं में.

**संयोजन** : एसी 3-टीयर (इकॉनमी) और एसी चेयर कार कोचेस

ठहराव, संयोजन और समय-सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

सभी पीआरएस काउंटर्स पर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर गाड़ी सं. 09009 तथा 09010 के लिये बुकिंग दि. 16.05.2025 से शुरू होगी. उपरोक्त गाड़ियों को विशेष किराए पर विशेष गाड़ी के तौर पर संचालित किया जाएगा.

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
Like us on: facebook.com/WesternRly
Follow us on: X.com/WesternRly

PLEASE CARRY ORIGINAL ID PROOF FOR ALL RESERVED TICKETS

# नागलाबंदर में अनाधिकृत निर्माण पर मनपा ने की कार्रवाई



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,ठाणे मनपा क्षेत्राधिकार में घोड़बंदर के नागलाबंदर खाड़ी तट को विकसित करने के लिए सरकारी निधि के तहत अरमार केंद्र प्रतिकृति का निर्माण प्रस्तावित है।इस पृष्ठभूमि में, अतिक्रमण विभाग ने आज मनपा आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार नागलाबंदर खाड़ी किनारे क्षेत्र में अनाधिकृत व्यावसायिक गालों, आवासीय मकानों और दुकानों को पूरी तरह से हटाने की कार्रवाई की। प्रस्तावित वर्तमान कार्रवाई से पहले, इस स्थान पर आवासीय भवनों में अनाधिकृत रूप से रह रहे निवासियों को भयंदरपाड़ा स्थित मनपा इमारत में पुनर्वासित किया जा रहा था।क्षेत्र में अनाधिकृत निर्माण कार्यों को पूरी तरह से हटाने की भी कार्रवाई की गई। यह अभियान उपायुक्त शंकर पटोले, माजीवाड़ा मानपाड़ा विभागीय समिति की सहायक आयुक्त सोनल काले, कार्यकारी अभियंता महेश अमृतकर, मनपा कर्मियों और पुलिस की देखरेख में चलाया गया।

# अंबरनाथ के इंदिरा भवन कार्यालय को लेकर एडवोकेट कृष्णा रसाल पाटिल 19 को आमरण अनशन पर बैठेंगे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. अंबरनाथ के ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन की टैक्स पावती के नाम स्थानांतरण का विवाद दिनोदिन बढ़ता जा रहा है। अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट कृष्णा रसाल पाटिल 19 मई को इस मुद्दे को लेकर आमरण अनशन करने जा रहे हैं। अभी हाल ही में उन्होंने मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड के नाम से एक पत्र सौंपते हुए मांग की है कि उन्होंने अंबरनाथ पश्चिम स्थित कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन का बकाया टैक्स 9,35,625 रुपए अपने पर्सनल अकाउंट की चेक बुक से नगरपालिका में जमा कराया था। इस राशि को जमा कराए हुए भी लगभग 1 वर्ष होने जा रहा है। इतना टाइम होने के बाद भी नपा ने इंदिरा भवन की टैक्स पावती उनके नाम स्थानांतरित नहीं की है। नपा प्रशासन की इस लापरवाही के खिलाफ वो 19 मई को आमरण अनशन करने जा रहे हैं।

एडवोकेट कृष्णा रसाल पाटिल ने आगे कहा कि बकाया टैक्स राशि उन्होंने नपा के अतिरिक्त मुख्याधिकारी अभिषेक पराड़कर और कर निरीक्षक नरेंद्र शंखे के द्वारा बताई हुई बकाया टैक्स राशि 9,35,625 रुपए जमा करा चुके है तो नपा प्रशासन द्वारा टैक्स पावती उनके नाम परिवर्तित क्यों नहीं कि जा रही है। नपा प्रशासन किसके दबाव में ये कार्य नहीं कर रहा है। अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस के वे विधिसम्मत अध्यक्ष हैं और उन्होंने नियमानुसार टैक्स राशि भी जमा करा दी है तो फिर किस कानून की आड लेकर ये कार्य अनावश्यक रूप से टाला जा रहा है। उन्होंने अपनी इस मांग को रखते हुए अपनी पार्टी के पदाधिकारियों के लिखित हस्ताक्षर प्रपत्र कार्यालय में जमा कराया है। हस्ताक्षर करने वालों में प्रमुख रूप से हैं रोहित कुमार प्रजापति, अनीता प्रजापति, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, सायरा सैय्यद आदि हैं।

फास्ट ट्रैक

# ठाणे शहर में ड्रोन पर प्रतिबंध; पुलिस आयुक्त ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे, ठाणे शहर पुलिस आयुक्तालय की सीमा के भीतर ड्रोन या अन्य मानव रहित हवाई उपकरणों (यूएवी) की उड़ान पर अब प्रतिबंध लगा दिया गया है। शहर में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा इन उपकरणों के उपयोग की संभावना के मद्देनजर कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने तथा सार्वजनिक शांति में व्यवधान उत्पन्न होने से रोकने के लिए ये निवारक उपाय किए गए हैं। ठाणे पुलिस आयुक्त कार्यालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश के अनुसार, ठाणे शहर पुलिस आयुक्तालय के अधिकार क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को ड्रोन या इसी तरह के उपकरण उड़ाने पर प्रतिबंध लगाया गया। यह आदेश 14 मई 2025 को लागू हुआ और 3 जून तक लागू रहेगा। जो भी व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करेगा, उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 एवं अन्य लागू कानूनों के तहत मुकदमा चलाया जाएगा। स्थिति की गंभीरता और तात्कालिकता को देखते हुए आदेश को तत्काल लागू कर दिया गया है। उपायुक्त (मुख्यालय-1), विशेष शाखा, ठाणे शहर की ओर से यह आदेश श्रीकांत परोपकारी ने जारी किए हैं।

## नागरी संरक्षण दल में स्वयंसेवक के रूप में शामिल होने की नागरिकों से अपील

मुंबई , राज्यभर में नागरिकों से नागरी संरक्षण दल में स्वयंसेवक के रूप में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की जा रही है। विशेष रूप से पुलिस परिवारों के सेवानिवृत्त अधिकारी, पुलिस बॉयज, पुलिस कर्मियों के अन्य पारिवारिक सदस्य और पूर्व सैनिकों से बड़ी संख्या में नागरी संरक्षण स्वयंसेवक बनने का आह्वान किया गया है ।नागरी संरक्षण अधिनियम 1968 के अनुसार, जो भी भारतीय नागरिक 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का है और जिसने प्राथमिक शिक्षा पूर्ण की है, वह नागरी संरक्षण दल में स्वयंसेवक के रूप में सेवा दे सकता है। इसके लिए आवेदक का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है, पुलिस चरित्र प्रमाणपत्र स्पष्ट (निर्दोष) होना चाहिए, तथा वह शारीरिक और मानसिक रूप से सक्षम होना चाहिए। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपनी सोसायटी, विभाग या आस्थापना में नागरी संरक्षण स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण कर प्रशिक्षण प्राप्त करें। इसके साथ ही नागरी संरक्षण अधिकारियों और कर्मचारियों की सहायता से मॉकड्रिल्स आयोजित की जानी चाहिए ।इसके अलावा, नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने क्षेत्र के डॉक्टर, इंजीनियर, वकील जैसी महत्वपूर्ण हस्तियों को नागरी संरक्षण दल में पंजीकृत कर प्रशिक्षण दिलाएं। कॉलेज के विद्यार्थी, सोसायटी के सुरक्षा रक्षक, और आम नागरिक भी अधिक से अधिक संख्या में मानद रूप में स्वयंसेवक के रूप में शामिल हों। यह अपील नागरी संरक्षण विभाग द्वारा की गई है।

## टैक्सी, ऑटो रिक्शा मीटर के पुनर्मूल्यांकन के लिए 31 मई तक विस्तार

ठाणे , मुंबई महानगर क्षेत्र परिवहन प्राधिकरण (एमएमटीए) ने 23 जनवरी को हुई अपनी बैठक में काले-पीले मीटर वाली टैक्सियों (सीएनजी) और ऑटो-रिक्शा (सीएनजी) का किराया बढ़ाने का फैसला किया है। मुंबई महानगर क्षेत्र परिवहन प्राधिकरण (एमएमटीए) ने टैक्सी/ऑटो-रिक्शा किराया मीटर के पुनर्मूल्यांकन के लिए समय सीमा 31 मई 2025 तक बढ़ाने का फैसला किया है। संशोधित किराया आने के अनुसार मीटर वाली टैक्सी और ऑटो रिक्शा वाहनों का किराया मीटर पुनर्मूल्यांकन कार्य अभी भी लंबित है। ठाणे के उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रोहित काटकर ने सभी मीटर टैक्सी और ऑटो रिक्शा चालकों से आग्रह किया है कि वे 500 रुपये का विभागीय जुमार्ना लगाने के निर्णय पर ध्यान दें। 01 जून से समय सीमा समाप्त होने के बाद देरी के प्रत्येक दिन के लिए 50 रुपए प्रतिदिन जुमार्ना लगाया जाएगा।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक की थैलियों के विक्री व परिवहन के खिलाफ मनपा ने की कार्रवाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई , मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में लगातार मनपा प्लास्टिक विरोधी अभियान चला रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नागरिक एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल न करें इस संबंध में सर्किट 1 डिवीजन की उड़न दस्ते द्वारा उपयुक्त सोमनाथ पोत्रेया के मार्गदर्शन में एक जाल बिछाया गया और एकल उपयोग प्लास्टिक बैग का परिवहन करने वाले एक छोटे टेम्पो के खिलाफ कार्रवाई की गई। 50 किलोग्राम वजन के प्लास्टिक बैग जब्त किए गए। इसके अलावा 5000 रुपए का जुमार्ना भी वसूला गया है ।इसी तरह सर्किट 2 के उपायुक्त डॉ. कैलाश गायकवाड़ के मार्गदर्शन में सर्किट 2 के उड़न दस्ते ने सेक्टर 11 घनसोली स्थित बी मार्ट में प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग पाते ही वहां उपलब्ध प्लास्टिक की थैलियों को जब्त कर लिया और 5000 रुपए का जुमार्ना भी वसूला गया है ।इसी प्रकार, सर्कल 2 के उड़न दस्ते ने आज सेक्टर 6, ऐरोली स्थित महालक्ष्मी फास्ट फूड का निरीक्षण किया और प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग करते पाया। उनसे 5000 रुपये जुमार्ना वसूल करते हुए एक किलो प्लास्टिक बैग जब्त किया गया। नवी मुंबई मनपा वैकल्पिक कपड़े और कागज के थैलों के उपयोग पर जोर देते हुए प्रतिबंधात्मक प्लास्टिक और यहां तक कि पसंदीदा प्लास्टिक बैग के उपयोग को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर जन जागरूकता अभियान चला रहा है। दंडात्मक कार्रवाई करके बाजार में प्लास्टिक के उपयोग को नियंत्रित करने के लिए प्लास्टिक रोकथाम अभियान भी चलाए जा रहे हैं ।हालांकि, नवी मुंबई मनपा नागरिकों से अपील कर रहा है कि वे पर्यावरण और मानव जीवन के लिए प्लास्टिक से उत्पन्न खतरे को देखते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग और प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग से पूरी तरह बचें।

# ईटीसी विकलांग शिक्षा, प्रशिक्षण केंद्र का एसएससी परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई , हर साल की तरह इस साल भी नवी मुंबई महानगरपालिका के ईटीसी दिव्यांग शिक्षा, प्रशिक्षण और सेवा केंद्र ने बधिर, दृष्टिहीन, सीखने में अक्षम, मानसिक रूप से मंद और बहुदिव्यांगता की सभी श्रेणियों में 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर यह दिखा दिया है कि प्रगति में हम किसी से कम नहीं हैं। मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने इन सफल बच्चों की विशेष सराहना की है। शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में ईटीसी केंद्रों से कुल 19 विशेष बच्चे दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में बैठे। सभी विद्यार्थी उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए हैं। सुश्री कल्याणी अवाटे ने मानसिक रूप से बीमार वर्ग में 85 प्रतिशत अंक के साथ सर्वोच्च अंक प्राप्त किए हैं। मानसिक रूप से विकलांग विभाग के कुल 14 विशेष बच्चों ने उनकी मदद से सफलता हासिल की है। उनमें से दो, विनायक पाटिल और रिया शिंदे को माता-पिता के मार्गदर्शन के माध्यम से ईटीसी केंद्र द्वारा मदद दी गई। इसके अलावा, मंथन थोराट, द्रोण माधवी, अब्दुल खान, तेजस शेट्टी, विशलेश कुवर, मंदार रणदिवे, तन्मय कलांबे, आयुष घाडगे, विनायक चव्हाण, स्वरा पैडले और ईश्वरी डांडे उन विशेष छात्रों में से हैं जो मानसिक रूप से विकलांग वर्ग में उत्तीर्ण हुए हैं। बधिर वर्ग से मारिया नागलेकर ने 77.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। निषाद दवे ने लर्निंग डिसेबिलिटी विभाग में सफलता हासिल की है। दृष्टि विभाग के सूरज भोसले प्रतिदिन ईटीसी केंद्र में आ रहे हैं, जबकि श्रावणी बोरे ने माता-पिता के मार्गदर्शन से सफलता प्राप्त की है। सोहम पाटिल ने बहु विकलांगता श्रेणी में सफलता हासिल की है ।इनमें से कुछ बच्चों ने अंग्रेजी माध्यम से तो कुछ ने मराठी माध्यम से यह सफलता हासिल की है। बच्चों ने अपनी शैक्षणिक पढ़ाई के अलावा अन्य पाठ्येतर गतिविधियों में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। ईटीसी सेंटर के निदेशक डिप्टी कमिश्नर संघरत्न खिलारे ने इन बच्चों की सफलता पर संतोष व्यक्त किया और कामना की कि ये छात्र भविष्य में भी इसी तरह सफलता प्राप्त करें और अपने पैरों पर खड़े हों। इन बच्चों की सफलता ईटीसी सेंटर के शिक्षकों और चिकित्सकों के विशेष प्रयासों के कारण है। केंद्र के मनोचिकित्सक लगातार इन बच्चों को प्रोत्साहित कर रहे हैं और उनके माता-पिता को मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान कर रहे हैं।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष का भाजपा पर हमला

- संविधान और न्यायपालिका की अवहेलना करने वाले देश नहीं चला सकते

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कटरा विधानसभा के सिउरा गांव में बूथ प्रभारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बूथ को जिताने वाला कार्यकर्ता ही सबसे बड़ा नेता होता है। श्यामलाल पाल ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि पीडीए का विरोध अब गांव से निकलकर सड़कों तक पहुंच गया है। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर, महिला और युवाओं के अधिकारों के लिए लड़ती रहेगी। अखिलेश यादव सामाजिक न्याय पर आधारित देश का निर्माण करना चाहते हैं। कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां, पूर्व मंत्री राजपाल कश्यप और सपा नेता लखन प्रताप सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। श्यामलाल पाल ने स्पष्ट किया कि अभी तक किसी भी विधानसभा के लिए प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गई है।

# सनसनीखेज घटना : उल्हासनगर में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और पुत्री की हत्या कर स्वयं भी फांसी लगाकर आत्महत्या की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर. गुरुवार रात डेढ़ बजे उल्हासनगर क्रमांक 1 के झूलेलाल मंदिर रोड स्थित हर्षा कोटेज नामक बिल्डिंग में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। इस बिल्डिंग में रहने वाले एक परिवार के मुखिया पवन पाहुजा ने अपनी पत्नी और बेटी की क्रमशः नेहा पाहुजा और सोलह वर्षीय पुत्री रौशनी पाहुजा का गला दबाकर हत्या कर दी और बाद में स्वयं भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि पवन विगत काफी समय से गहरे आर्थिक संकट और डिप्रेशन का शिकार था कुछ समय पहले उसके बेटे की भी मृत्यु हो चुकी है। घटना की सूचना मिलते ही उल्हासनगर पुलिस मौके पर पहुंची। शवों का पंचनामा कर तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मध्यवर्ती अस्पताल पहुंचाया। मृतक के मोबाइल से एक वीडियो भी प्राप्त हुआ है जिसमें उसने अपनी कृत्य का जिक्र किया है और इसका कारण आर्थिक संकट और डिप्रेशन को बताया है। एडीआर के तहत मामला दर्ज करते हुए उल्हासनगर पुलिस ने जांच प्रारंभ का दी है वीडियो की जांच के बाद ही मामला आगे बढ़ने की बात की जा रही है। इस घटना से पूरे उल्हासनगर में सनसनी फैल गई।

# पत्नी और बच्चे की गुमशुदगी

## कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज, पति का आरोप- 50 हजार और जेवर भी ले गए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, मिर्जापुर थाना क्षेत्र में एक महिला और उसके बच्चे के अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़ित पति ने न्यायालय एडीजे-द्वितीय में याचिका दायर की। मामले में चार लोगों पर आरोप लगाया गया है। पीड़ित के अनुसार, राजेन्द्र, सतेन्द्र, गजेन्द्र और सूरज उसके घर आए। वे उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। आरोपी घर से 50 हजार रुपये नकद और जेवरात भी ले गए। घटना के समय पीड़ित, उसकी बहू और बेटा घर पर नहीं थे। पीड़ित के पांच बच्चे हैं, जिनमें से एक की शादी हो चुकी है। जब वह घर लौटा, तो देखा कि आरोपी उसकी पत्नी और सामान ले जा रहे थे। राजेन्द्र ने कहा कि उसकी पत्नी के बच्चे का जन्म होने वाला है, इसलिए पीड़ित की पत्नी को कुछ समय के लिए ले जा रहे हैं। पत्नी के शाम तक वापस न लौटने पर पीड़ित आरोपियों के घर गया। वहां उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया गया और मारपीट की गई। 2 मार्च 2025 को भी वह आरोपियों के पास गया, लेकिन उसे धमकी दी गई। पीड़ित का आरोप है कि उसकी पत्नी और बच्चे की हत्या कर दी गई है। थाने में शिकायत करने पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

# सड़क हादसा, दो युवकों की मौत

## 15 मीटर तक घिसटते गए, खंभे और डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार बाइक



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा थाना सदर बाजार के सुभाषनगर में हुआ। तेज रफ्तार बाइक पहले एक खंभे से टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार उछलकर डिवाइडर से जा टकराए। दोनों युवक करीब 15 मीटर तक सड़क पर घिसटते चले गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी अरविंद सिंह चौहान के अनुसार मृतकों की पहचान की कोशिश की जा रही है।

# 'बिजली चोरी का पर्दाफाश

## 60 घरों की जांच में 15 लोगों पर केस दर्ज, 11 में रीडिंग से छेड़छाड़ मिली

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, जलालाबाद में बिजली विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विद्युत वितरण खंड जलालाबाद के अधिशासी अभियंता मुदित सोनकर के निर्देश पर उपखंड अधिकारी पीसी सागर के नेतृत्व में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। जलालाबाद मदनापुर में विजिलेंस टीम के प्रभारी विक्रम सिंह के साथ सुबह की गई इस कार्रवाई में 60 उपभोक्ताओं के यहां जांच की गई। जांच में 15 लोगों पर बिजली चोरी का मामला दर्ज किया गया। इनमें 11 मामले मीटर रीडिंग में हेराफेरी के, 10 मामले स्वीकृत भार से अधिक बिजली इस्तेमाल करने के और 5 मामले अवैध तरीके से कनेक्शन में बदलाव के पाए गए। उपखंड अधिकारी पीसी सागर ने बताया कि क्षेत्र में अधिक लोड की समस्या को देखते हुए गर्मी के मौसम में यह विशेष अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि कई लोग छिपकर बिजली चोरी कर रहे हैं और कुछ लोग लंबे समय से बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं।

# कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी का विरोध



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, कांग्रेस कार्यकताओं ने मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। मंत्री ने भारतीय सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में अभद्र टिप्पणी की थी। कर्नल सोफिया कुरैशी पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान पर की गई कार्रवाई में शामिल थीं। उनकी वीरता की देशभर में सराहना हो रही थी। इस बीच मंत्री विजय शाह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में वे कर्नल कुरैशी के बारे में अशोभनीय टिप्पणी कर रहे थे। मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तकवीम हसन खान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय में बैठक हुई। कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। तकवीम हसन खान ने कहा कि एक देश की वीर बेटी के खिलाफ इस तरह की भाषा का प्रयोग निंदनीय है। कर्नल कुरैशी ने अपनी बहादुरी से पाकिस्तान को सबक सिखाया और देश का मान बढ़ाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ट्रम्प भारत-पाक के बीच मध्यस्थता वाले बयान से पलटे

## कहा- मैंने सीजफायर नहीं कराया, सिर्फ मदद की; 10 मई को जानकारी देकर क्रेडिट लिया था

एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प गुरुवार को 5 दिन बाद भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के बयान से पलट गए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता नहीं कराई, लेकिन मैंने मदद की है। ट्रम्प ने कहा, 'मैं ये नहीं कहता कि ये मैंने किया, लेकिन ये पक्का है कि पिछले हफ्ते भारत-पाकिस्तान के बीच जो हुआ, मैंने उसे सैटल करने में मदद की। भारत-पाकिस्तान के बीच और भी भयावह हो सकता था। दोनों देशों ने अचानक मिसाइल दागना शुरू कर दिया और हमने सब सैटल कर दिया।' ट्रम्प ने 10 मई को दोनों देशों के बीच मध्यस्थता का ऐलान किया था। कहा था, 'मुझे यह ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों को समझदारी दिखाने के लिए बधाई।' उन्होंने कहा, वे (भारत-पाकिस्तान) बीते 1000 साल से लड़ रहे हैं। मैंने



कहा कि मैं समझौता करा सकता हूं। और मैंने समझौता करा दिया। मैंने कहा कि मुझे इसे निपटाने दो। चलो, उन सभी को एक साथ लाते हैं। आप एक हजार सालों से लड़ रहे हैं और कितना लड़ते रहेंगे। मैं समझौते को लेकर विश्वस्त नहीं था। ये बहुत मुश्किल था। वे लंबे समय से लड़ रहे थे। यह वास्तव में नियंत्रण से बाहर होने जा रहा था।' 12 मईः ट्रम्प बोले- हमने भारत-पाकिस्तान के बीच परमाणु जंग रोकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाली परमाणु जंग रोक दी है। उन्होंने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा- अमेरिका ने दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने में मदद की है। ट्रम्प ने कहा, मुझे यकीन है कि यह सीजफायर स्थायी होगा। दोनों देशों के पास बहुत सारे परमाणु हथियार हैं, इससे एक भीषण परमाणु जंग छिड़ सकती थी। लाखों लोग मारे जा सकते थे। मुझे भारत और पाकिस्तान की मजबूत लीडरशिप पर बहुत गर्व है, जिन्होंने ताकत, समझदारी और हिम्मत दिखाकर यह फैसला लिया कि अब मौजूदा तनाव को रोकने का समय है। यह तनाव लाखों लोगों की मौत और तबाही का कारण बन सकता था। लाखों निर्दोष लोग मर सकते थे। मुझे खुशी है कि अमेरिका इस ऐतिहासिक और साहसी फैसले तक पहुंचने में आपकी मदद कर सका। मैं दोनों देशों के साथ व्यापार को बढ़ाने जा रहा हूं। इसके साथ ही, मैं दोनों के साथ मिलकर यह देखने की कोशिश करूंगा कि क्या ₹हजार साल₹ बाद कश्मीर मुद्दे का कोई हल निकाला जा सकता है। 10 मई- मुझे यह ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों को समझदारी दिखाने के लिए बधाई। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने धर्म पूछकर 26 टूरिस्ट की हत्या कर दी थी। महिलाओं और बच्चों के सामने पुरुषों को सिर और सीने में गोली मारी थी। घटना के दौरान प्रधानमंत्री मोदी सऊदी अरब में थे। वे दौरा बीच में ही छोड़कर देश लौटे और कैबिनेट की मीटिंग बुलाई। पहलगाम घटना के 15 दिन बाद 7 मई की रात 1.5 मिनट पर सेना ने पाकिस्तान और 9 जगहों पर एयर स्ट्राइक की।

# पाक पीएम बोले- हमने भारत का घमंड धूल में मिलाया

## सिंधु का पानी हमारी रेड लाइन; आतंकी मसूद अजहर को 14 करोड़ रुपए देगा पाकिस्तान

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को पंजाब प्रांत के सियालकोट पसरूर छावनी में पाकिस्तानी सैनिकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमने भारत के अहंकार को धूल में मिला दिया है। डॉन न्यूज के मुताबिक पाक पीएम ने कहा- दुश्मन, जो हमसे बड़ा है, उसे इस बात पर घमंड था कि उसके पास अरबों डॉलर के मिलिट्री इक्विपमेंट हैं। हमने उसे बहुत बड़ा झटका दिया है। हम युद्ध और शांति दोनों के लिए तैयार हैं। चुनाव आपका (भारत) है। शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने पर भारत



को चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा- अगर आप हमारा पानी रोकते हैं, तो यह हमारी रेड लाइन है। पानी पर हमारा हक है। हमारी सेना हमारे अधिकार के लिए लड़ेगी। पाक पीएम शहबाज शरीफ ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी सरगना मसूद अजहर को 14 करोड़ रुपए (पाकिस्तानी करेंसी में) देने का ऐलान किया है। बहावलपुर में जैश के आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना की स्ट्राइक में मसूद के परिवार के 14 लोग मारे गए थे। इनमें मसूद की बहन और भांजे-भतीजे शामिल थे। बता दें कि आतंकी मसूद अभी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के सेफ हाउस में दुबका हुआ है। जबकि आतंकी संगठन लश्कर का सरगना हाफिज सईद भी सेफ हाउस में है। पाकिस्तान पीएम ने कहा कि कश्मीर मुद्दे को यूएन प्रस्ताव के मुताबिक सुलझाया जाना चाहिए और उसके बाद बिजनेस की बातचीत की जाएगी। भारत ने नीलम, झेलम में पाकिस्तान के जल संसाधनों पर हमला किया, लेकिन सरकार ने संयम दिखाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने पहलगाम हमले के जांच की मांग की थी और सहयोग करने पर सहमति जताई थी, लेकिन भारत ने रात के अंधेरे में हमला किया। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने रावलपिंडी के मिलिट्री हॉस्पिटल में भारतीय हमले के दौरान घायल सैनिकों से मुलाकात की। उन्होंने इन सैनिकों की बहादुरी और देशभक्ति की प्रशंसा की। डॉन न्यूज के मुताबिक जरदारी ने कहा कि देश ने दुश्मन के हमलों का डटकर मुकाबला किया। मोदी सरकार राजनीतिक मकसद के लिए पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामकता का इस्तेमाल करना चाहती है। पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि सस्पेंड करने पर भारत को एक पत्र लिखा है। जियो न्यूज के मुताबिक पत्र में पाकिस्तान ने संधि को एकतरफा निलंबित करने के भारत के फैसले को खारिज किया है।

# ट्रम्प 84 करोड़ के इनामी आतंकी रहे अल-शरा से मिले

## पूर्व अल कायदा आतंकी को काबिल बताया; सीरिया पर लगे प्रतिबंध भी हटाए, जानिए वजह

एजेंसी

रियाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीरिया पर लगाए गए सभी अमेरिकी प्रतिबंधों को खत्म करने का आदेश दिया है। ट्रम्प ने कहा कि यह फैसला सीरिया को दोबारा तरक्की करने का मौका देगा। इस आदेश के अगले ही दिन ट्रम्प ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात की। कभी टॉप मोस्ट वांटेड आतंकी रह चुके अल-शरा से ट्रम्प की मुलाकात की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। अहमद अल-शरा ने 2011 में सीरिया में कई आत्मघाती हमले कराए थे। अमेरिका ने उस पर 10 मिलियन डॉलर (करीब 84 करोड़ रुपए) का इनाम रखा हुआ था, जिसे 5 महीने पहले दिसंबर में हटा दिया गया था। अहमद अल-शरा को पहले अबू मोहम्मद अल-जुलानी के नाम से जाना जाता था। जुलानी 2003 में मेडिकल की पढ़ाई छोड़ अल कायदा नेताओं के संपर्क में आया। उसे अमेरिकी सेना ने 2006 में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल से छूटने के बाद अल-शरा ने 2012 में अल कायदा की सीरिया शाखा जबात अल-नुस्त्र का गठन किया। 2016 में वह अल कायदा से अलग हो गया और हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) की स्थापना की। दिसंबर 2024 में बशर अल-असद के पतन के बाद जुलानी ने सत्ता



संभाली। इसके बाद दुनिया को उसके असली नाम का पता चला। ट्रम्प ने अल-शरा से मुलाकात के दौरान करीब 37 मिनट तक बातचीत की। 25 साल के बाद यह पहला मौका था जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने सीरियाई राष्ट्रपति से मुलाकात की हो। ट्रम्प ने अल-शरा को लेकर कहा कि वे युवा और आकर्षक हैं। ट्रम्प ने बताया कि उन्होंने शरा से इजराइल के साथ संबंधों को सामान्य करने और सीरिया से विदेशी आतंकियों को निकालने के लिए कहा है। अल-शरा ने भी ट्रम्प की तारीफ करते हुए कहा कि वे मिडिल ईस्ट में शांति लाने में सक्षम हैं। अमेरिकी संसद ने 2019 में सीरिया पर सख्त प्रतिबंधों के लिए कानून बनाया था। हालांकि इस कानून में यह प्रावधान था कि अमेरिकी राष्ट्रपति राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए इन प्रतिबंधों को हटा सकते हैं। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने इस फैसले को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और तुर्किये के राष्ट्रपति तैयप एर्दोगन से बातचीत करने के बाद लिया। दोनों देशों ने सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को हटाने का खुले तौर पर समर्थन किया था। अमेरिका ने सीरिया पर सबसे ज्यादा प्रतिबंध 2011 में गृहयुद्ध शुरू होने के बाद लगाए। तत्कालीन राष्ट्रपति बशर अल असद की सरकार ने विरोधियों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई की थी। इसमें हजारों नागरिक मारे गए। सरकार पर नागरिकों को मारने के लिए रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल का आरोप लगा, जिसकी दुनियाभर में निंदा हुई। अमेरिका ने असद सरकार पर हिजबुल्लाह जैसे संगठनों को समर्थन देने का आरोप लगाया।

इसके अलावा सीरिया की नीतियों खासकर ईरान और रूस के साथ उसके गठजोड़ को भी अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अस्थिरता की वजह माना। ऐसे में असद सरकार को अलग-थलग करने में अमेरिकी सरकार ने कई प्रतिबंध लगाए।

# बलूच नेता ने पीएके से आजादी का ऐलान किया

## कहा- बलूचिस्तान पाकिस्तान का हिस्सा नहीं; भारत से समर्थन की अपील की

एजेंसी

इस्लामाबाद, बलूच नेता मीर यार बलूच ने बुधवार को पाकिस्तान से बलूचिस्तान की आजादी का ऐलान किया। उन्होंने इसके पीछे दशकों से बलूच लोगों के मानवाधिकार हनन, किडनैपिंग और हिंसा का हवाला दिया। मीर यार बलूच ने एक्स पोस्ट में कहा- बलूचिस्तान के लोगों ने अपना ₹राष्ट्रीय फैसला₹ दे दिया है और दुनिया को अब चुप नहीं रहना चाहिए। आओ हमारा साथ दो। उन्होंने लिखा कि बलूच लोग





सड़कों पर हैं और यह उनका राष्ट्रीय फैसला है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है और दुनिया अब और मूक दर्शक नहीं रह सकती। उन्होंने भारत और ग्लोबल समुदाय से बलूचिस्तान की आजादी के लिए मान्यता और समर्थन मांगा। मीर यार ने भारतीय मीडिया, यूट्यूबर्स और भारतीय बुद्धिजीवियों से अपील की कि वो बलूचों को पाकिस्तान के लोग न कहें। हम पाकिस्तानी नहीं, बलूचिस्तानी हैं। पाकिस्तान के अपने लोग पंजाबी हैं, जिन्हें कभी हवाई बमबारी, किडनैपिंग या नरसंहार का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) पर भारत के रुख का समर्थन किया। अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान पर इस इलाके को खाली करने के लिए दबाव डालने की अपील की। मीर यार ने कहा- भारत पाकिस्तानी सेना को हरा सकता है।

अगर पाकिस्तान ने ध्यान नहीं दिया, तो खूनखराबे के लिए सिर्फ पाकिस्तानी सेना के लालची जनरल जिम्मेदार होंगे, क्योंकि इस्लामाबाद पीओके के लोगों को ढाल के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। मीर यार बलूच के मुताबिक दुनिया को बलूचिस्तान पर पाकिस्तान के दावों को स्वीकार नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान को विदेशी ताकतों की मदद से जबरन कब्जा किया गया था।

# कांचा गाचीबोवली में पेड़ों की कटाई पर सख्त हुआ सुप्रीम कोर्ट

## मुख्य सचिव सहित कई अधिकारियों को जेल भेजने की दी चेतावनी



एजेंसी

**पीठ ने कांचा गाचीबोवली वन में पेड़ों की कटाई का स्वतः संज्ञान लिया और 3 अप्रैल को आगे के आदेशों तक शेष पेड़ों की सुरक्षा के लिए यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया।**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हैदराबाद विश्वविद्यालय के बगल में पेड़ों की बड़े पैमाने पर कटाई ₹पूर्व नियोजित₹ प्रतीत होती है और तेलंगाना सरकार को क्षेत्र को बहाल करने या अधिकारियों के लिए संभावित जेल समय सहित सख्त कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी दी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि राज्य को जंगल को बहाल करने या अपने अधिकारियों के लिए कारावास का जोखिम उठाने के बीच चयन करना होगा। न्यायालय ने वनों की कटाई के समय पर आपत्ति जताई, जो एक लंबे सप्ताहांत के दौरान हुई जब न्यायपालिका उपलब्ध नहीं थी। मुख्य न्यायाधीश गवई ने कहा, ₹प्रथम दृष्टया, ऐसा लगता है कि यह सब पूर्व नियोजित था। उन्होंने कहा कि तीन दिन की छुट्टियां आ रही थीं, और आपने इसका फायदा उठाया क्योंकि अदालत उपलब्ध नहीं होगी।पीठ ने कांचा गाचीबोवली वन में पेड़ों की कटाई का स्वतः संज्ञान लिया और 3 अप्रैल को आगे के आदेशों तक शेष पेड़ों की सुरक्षा के लिए यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। तेलंगाना सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने गुरुवार को अदालत को आश्वासन दिया कि साइट पर आगे कोई गतिविधि नहीं की जा रही है और अदालत के निर्देशों का ₹शब्दशः और भावना से₹ पालन करने का वचन दिया। हालांकि, एमिकस क्यूरी की भूमिका निभा रहे वरिष्ठ अधिवक्ता के परमेश्वर ने भारतीय वन सर्वेक्षण की एक रिपोर्ट की ओर इशारा किया, जिसमें उपग्रह इमेजरी का उपयोग करके अनुमान लगाया गया था कि 104 एकड़ क्षेत्र में जहां पेड़ काटे गए थे, उसमें से केवल 60 प्रतिशत में मध्यम घने से लेकर भारी घने जंगल थे। पीठ ने चेतावनी दी कि अगर राज्य ने सुधारात्मक उपाय किए बिना पेड़ों की कटाई का बचाव करना जारी रखा तो उसे अवमानना ??की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। अदालत ने राज्य के वकील से कहा कि अगर आप अवमानना बचना चाहते हैं, तो बेहतर होगा कि जंगल को बहाल करने का फैसला लें। इसने आगे कहा कि अगर आप इस तरह की बात का बचाव करने की कोशिश करेंगे

# जश्न जीत का होता है, सीज का नहीं :अखिलेश यादव

## अखिलेश यादव का भाजपा की तिरंगा यात्रा पर तंज

**ऑपरेशन सिंदूर और आगे की राह पर एक स्पष्ट और स्पष्ट संदेश भेजकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार रात राष्ट्र को संबोधित किया भारत-पाकिस्तान संघर्ष में संघर्ष विराम की घोषणा के दो दिन बाद इस मुद्दे पर पूरे देश में पार्टी की पहुंच के लिए भी माहौल तैयार कर दिया है।**

एजेंसी

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद देश में जश्न है। भाजपा इसको लेकर तिरंगा यात्रा निकाल रही है। इसकी को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि जश्न आमतौर पर जीत के लिए मनाया जाता है, समझ के लिए नहीं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा किसे बेवकूफ समझती है? वे लोगों को भ्रमित करना चाहते हैं, लेकिन लोग जागरूक हैं और उन्हें सबक सिखाएँगे। भाजपा वाले



बच नहीं सकते। उन्हें अपना वचन देना होगा कि हमारे देश की सीमाएँ सुरक्षित हैं। ऑपरेशन सिंदूर और आगे की राह पर एक स्पष्ट और स्पष्ट संदेश भेजकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार रात राष्ट्र को संबोधित किया भारत-पाकिस्तान संघर्ष में संघर्ष विराम की घोषणा के दो दिन बाद झ इस मुद्दे पर पूरे देश में पार्टी की पहुंच के लिए भी माहौल तैयार कर दिया है। इसके हिस्से के रूप में, भाजपा मंगलवार से पूरे देश में 11 दिनों तक तिरंगा यात्रा निकालेगी। इससे पहले दिन में, पार्टी ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत के हमलों पर अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें बताया गया कि कैसे इन हमलों ने वांछित उद्देश्य हासिल किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बिहार इकाई ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए बुधवार को राजधानी पटना में तिरंगा यात्रा निकाली। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने एसपी वर्मा रोड स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा से यात्रा शुरू की और ऐतिहासिक गांधी मैदान के पास कारगिल चौक पर इसका समापन हुआ। तिरंगा यात्रा में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की बिहार इकाई के प्रमुख उमेश कुशवाहा और कई अन्य मंत्री, सांसद, विधायक और कार्यकर्ता शामिल हुए। जदयू केंद्र और राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का गठबंधन सहयोगी दल है।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने तुर्की के संस्थानों के साथ तोड़े सभी रिश्ते

**व्यापक जनता ने भी तुर्की और अजरबैजान के खिलाफ एक अनौपचारिक बहिष्कार अभियान शुरू किया है, जिन दोनों पर पाकिस्तान को कूटनीतिक और सैन्य रूप से समर्थन देने का आरोप है। मेकमाईट्रिप और ईजमाईट्रिप जैसे प्रमुख भारतीय यात्रा प्लेटफॉर्म ने दोनों देशों के लिए यात्रा बुकिंग रद्द करने में वृद्धि की सूचना दी है।**





एजेंसी

पाकिस्तान और भारत के बीच इबीते दिनों तनाव की स्थिति देखने को मिली थी। इस बीच तुर्की ने भी पाकिस्तान का साथ दिया था, जिसका खामियाजा अब तुर्की को भुगतना पड़ रहा है। पाकिस्तान को मुखर रुप से समर्थन देने के बाद तुर्की के लिए परेशानी खड़ी हो गई है।भारत में तुर्की का बहिष्कार करने की मांग जोर से उठने लगी है। इसी बीच अब जामिया मिलिया इस्लामिया ने भी इस तरफ अपने कदम उठा लिए है। जामिला मिलिया इस्लामिया ने तुर्की के शैक्षणिक संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन को निलंबित कर दिया है। जामिया और तुर्की के शैक्षणिक संस्थानों के बीच शिक्षा के आदान प्रदान किया जाता था जो अब तत्काल रुप से बंद कर दिया गया है।भारत में तुर्की का बहिष्कार करने की मांग जोर से उठने लगी है। इसी बीच अब जामिया मिलिया इस्लामिया ने भी इस तरफ अपने कदम उठा लिए है। जामिला मिलिया इस्लामिया ने तुर्की के शैक्षणिक संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन को निलंबित कर दिया है।

# पीओके भारत को सौंपे पाकिस्तान :एस जयशंकर

## आतंकियों के ठिकाने नष्ट करें और सभी आतंकी भारत को सौंपें, तभी बातचीत होगी

**पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए एस जयशंकर ने कहा कि उन्होंने इस अच्छी सलाह को न मानने का फैसला किया। एक बार 10 मई की सुबह उन्हें बुरी तरह से नुकसान पहुंचा। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि हमने कितना नुकसान किया और उन्होंने कितना कम नुकसान किया।**

एजेंसी

नई दिल्ली , भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा- सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान स्थायी तौर पर सीमा पार आतंकवाद खत्म नहीं करता ।होंडुरास के दूतावास के उद्घाटन के अवसर पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के पास आतंकवादियों की लिस्ट है, इन आतंकियों को हमें सौंपे और उनके कैंप खत्म करे ।पाकिस्तान के कश्मीर पर चर्चा करने के प्रस्ताव के जवाब में विदेश मंत्री ने कहा कि इस पर चर्चा के लिए केवल एक ही बात बची है। वह है



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अवैध रूप से कब्जाए भारतीय इलाके को खाली करना ।कश्मीर से जुड़े मामले में तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप स्वीकार नहीं जयशंकर ने जोर देकर कहा कि कश्मीर और पाकिस्तान से जुड़े मामलों में तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को लेकर भारत की पॉलिसी में कोई बदलाव नहीं आया है। पाकिस्तान से हमारी बातचीत पूरी तरह से द्विपक्षीय होगीइसके साथ ही उसे आतंकियों के ठिकानों को बंद करना होगा। वे जानते हैं कि क्या करना है। हम उनके साथ आतंकवाद के बारे में चर्चा करने के लिए तैयार हैं।

**मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**खुली निविदा सूचना संख्या: सीनियर डीएमएम नागपुर / 95255222, दिनांक 10.05.2025.** **संक्षेप में विवरण:** तेल शीतलन इकाई के लिए ब्लोअर, जिसमें तेल शीतलन इकाई के लिए 30 किलोवाट मोटर (कोरोना प्रतिरोध तार से लपेटा हुआ) शामिल है। **मात्रा:** 20. **इकाई:** नग। **निविदा बंद होने की दिनांक** : 11.06.2025 को सुबह 11:30 बजे। वेबसाइट का पता जहां से निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर देखा जा सकता है **www.ireps.gov.in**

**वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, मध्य रेल, नागपूर**

DE/52

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

## संक्षेप

### अवैध पार्किंग शुल्क वसूली पर व्यापारियों का विरोध

**डीएम ऑफिस पहुंचकर ज्ञापन दिया, आंदोलन की चेतावनी**

सुलतानपुर, नगर निकायों द्वारा की जा रही अवैध पार्किंग शुल्क वसूली के खिलाफ भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने कड़ा रुख अपनाया है। मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर और जनपद की अन्य नगर पंचायतों द्वारा पीडब्ल्यूडी और राष्ट्रीय राजमार्ग की पटरियों पर की जा रही अवैध वसूली को रोकने की मांग की है। जिला अध्यक्ष रमेश अग्रहरी के अनुसार, 2021 में शासन ने स्पष्ट आदेश जारी किए थे। इनमें कहा गया था कि नगर निकाय पीडब्ल्यूडी या राष्ट्रीय राजमार्ग की पटरियों पर न तो पार्किंग शुल्क वसूल सकते हैं और न ही वहां कोई नीलामी या ठेका दे सकते हैं। फिर भी नगर पंचायतें इन आदेशों की अवहेलना कर वसूली करा रही हैं। अवैध ठेके निरस्त करने की मांग व्यापार मंडल ने सभी अवैध ठेकों को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। साथ ही पटरियों से अतिक्रमण हटाने और पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को आवश्यक निर्देश देने की मांग की है। ज्ञापन देने के दौरान प्रदेश संगठन मंत्री अनूप श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी जयप्रकाश मिश्र, वरिष्ठ पदाधिकारी सत्यनारायण मोदनवाल और अजय जायसवाल समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बाइक चोर गिरोह का सरगना गिरफ्तार

**आरोपी के निशानदेही पर 6 बाइक बरामद, साथियों की तलाश**

बांदा, पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। बबेरू थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरोह के सरगना को गिरफ्तार कर लिया है। थाना बिसंडा का रहने वाला अरविंद कुशवाहा अपने तीन साथियों के साथ बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर छह चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की हैं। बाइक चोर गैंग के सरगना को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत यह कार्रवाई की गई। सीओ सदर राजवीर सिंह गौर ने बताया कि गिरोह के तीन अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगा दी गई हैं।

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**फुंफुदी-भदहेदु गांव के बीच हुआ हादसा, आरोपी चालक गिरफ्तार**

बांदा, बबेरू कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। फुंफुदी और भदहेदु गांव के बीच एक बाइक ने पैदल जा रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल हुए बुजुर्ग को बांदा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान रामानुज (60) के रूप में हुई है। वह मर्का थाना क्षेत्र के पिंडारन गांव के निवासी थे।

# लेखपाल ने गरीब महिला से 35 हजार की रिश्वत ली

## बोला- पैमाइश करानी है तो खर्चा-पानी देना होगा, महिला ने कर्ज लेकर दिए रुपए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, लेखपाल ने आदिवासी महिला से 35 हजार रुपए की रिश्वत ली। लेखपाल ने महिला से कहा- अगर पैमाइश करानी है तो खर्चा-पानी देना होगा। महिला ने गांव के एक किसान से कर्ज लेकर उसे घूस दी। रुपए लेने के बाद भी लेखपाल ने जमीन की पैमाइश नहीं की। जब महिला ने अपने पैसे वापस मांगे तो उसने इनकार कर दिया। साथ ही कार्रवाई की धमकी दी। पीड़ित महिला पति के साथ 5 बार अफसरों से शिकायत कर चुके हैं। मगर अफसरों ने सुनवाई नहीं की। रिश्वत लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर हो रहा है। मामला करछना तहसील के खाईं गांव का है। गांव का दबंग काट लेता है फसल खाईं गांव की रहने वाली दलित महिला आदिवासी संतोष देवी पत्नी बच्चू लाल भूमिहीन है। उसके पास अपनी कोई जमीन नहीं है। संतोष देवी ने बताया- उसकी जमीन पर जो फसल होती है। उसे दबंग सुधीर पांडेय काट ले जाते हैं। जबकि जमीन सरकार ने हमें पट्टे पर दे रही है। खतौनी में भी हमारे पति बच्चू लाल का नाम चढ़ा हुआ है। संतोष देवी ने बताया- जब हमने फसल काटने का विरोध किया, तब मुझे मारने-पीटने की धमकी दी गई। फिर मैंने 19 अप्रैल को तहसील दिवस में शिकायत की। एसडीएम ने लेखपाल विपिन कुमार को जांच के लिए भेजा और पैमाइश का आदेश दिया। आरोप लगाया कि लेखपाल भी सुधीर पांडेय से मिला हुआ है। इसलिए उसने कोई कार्रवाई नहीं की। लेखपाल बोला- पैमाइश करवानी है तो खर्चा-पानी लगेगा जब लेखपाल से पैमाइश न करने का कारण पूछा तो वह बोले- कुछ खर्चा पानी दोगे। बिना खर्चा पानी के कोई काम नहीं होता। फिर मैंने पूछा कि कितने रुपए चाहिए। उसने 50 हजार रुपए मांगे। मैंने कहा- साहब हम गरीब हैं, इतने पैसे तो मेरे पास नहीं है। लेखपाल ने कहा- अगर पैमाइश करानी है तो 35 हजार रुपए दे दो। इससे एक रुपया भी कम नहीं लूंगा। संतोष देवी ने बताया- मैंने गांव के ही किसान अनिल मिश्रा से 35000 रुपए का कर्ज लिया। फिर यह रुपया लेखपाल को दे दिया। पैसे मांगे तो लेखपाल धमकी दे रहा है इसके बाद भी लेखपाल ने जमीन की पैमाइश नहीं कराई। पैसा भी वापस नहीं किया। उसने मुझे कार्रवाई की धमकी दी। बोला- मुझे और मेरे पति को जेल भिजवा देगा। मैं और मेरे पति बच्चू लाल लगातार एसडीएम कार्यालय और थाने का चक्कर लगा रहे हैं। मगर मेरी समस्याओं को सुनने वाला कोई भी नहीं है।

# कर्नल सोफिया के समर्थन में प्रदर्शन

## कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी की, विजय शाह की तस्वीर पर जूते मारे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, ऑपरेशन सिंदूर के बाद से कर्नल सोफिया चर्चा में हैं। इसी में मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया पर दिए गए बयान से बवाल मच गया है। खासकर कांग्रेसियों ने इसे मुद्दा बनाकर जगह जगह विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन कर हंगामा किया। कांग्रेसियों ने जमकर नोरबाजी की। कहा कि भारतीय सेना का अपमान हिंदुस्तान नहीं सहेगा। गुस्साए कांग्रेसियों ने मंत्री व भाजपा नेता के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। कहा कि बहादुर नारी का अपमान कर उन्होंने ओछी मानसिकता का परिचय दिया है। कांग्रेसियों ने मंत्री की तस्वीर वाले पोस्टर पर जूते बरसाए। कांग्रेस शहर अध्यक्ष फुजैल हाशमी ने कहा कि इस मामले पर हाईकोर्ट को संज्ञान लेना चाहिए। तत्काल मंत्री के खिलाफ कार्रवाई की जाए। कांग्रेसी काफी देर तक परिसर में नारेबाजी करते रहे। कांग्रेसियों नारेबाजी करते हुए मंत्री के गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही सरकार से मंत्री को कैबिनेट से निष्कासित करने की मांग उठाई है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फुजैल हाशमी के अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे कांग्रेसियों ने मंत्री के बयान पर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान राष्ट्रपति सम्बोधित पत्र अपर नगर मजिस्ट्रेट को सौपते हुए मंत्री के गिरफ्तारी की मांग की। अध्यक्ष फुजैल हाशमी ने कहा की मप्र सरकार में मंत्री विजय शाह ने घिनौना और शर्मनाक बयान दिया है। देश की शान, हमारी वीर बहादुर अफसर कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान पूरे भारत की नारी शक्ति और भारतीय सेना का अपमान है।

# रिश्वत मामले में दरोगा निलंबित

- अपहरण केस में आरोपी को राहत के लिए 70 हजार रुपये मांगे थे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, रामगंज थाने के एक उपनिरीक्षक को रिश्वत मामले में निलंबित कर दिया गया है। उपनिरीक्षक रामकरन प्रसाद का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस ऑडियो में वह एक अपहरण केस में आरोपी के परिजन से 70 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे हैं। एक युवती के पिता की शिकायत पर शहजाद, अरमान, सलमान और इमरान के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। वायरल ऑडियो में दरोगा आरोपी के भाई से जेल से जल्दी रिहाई और मुकदमे में राहत के बदले रिश्वत मांग रहे हैं। ऑडियो में युवक कह रहा है कि वह पहले ही इंस्पेक्टर को पैसे दे चुका है। इस पर दरोगा कहता है कि वह मेरे अधिकारी हैं, लेकिन विवेचक मैं हूं। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि मामले की जांच एएसपी हरेंद्र कुमार को सौंपी गई है। आरोपी पहले से ही जेल में है और मामले की पारदर्शी जांच की जा रही है। थाना प्रभारी कृष्ण मोहन सिंह ने कहा कि ऑडियो की जांच की जा रही है और आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

## भूमि विवाद समेत कई मुद्दों पर एडीएम को सौंपा ज्ञापन, 15 दिन में कार्रवाई की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। किसान संगठन ने सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह से मुलाकात की। इसके बाद एडीएम प्रशासन को मांग पत्र सौंपा गया। संगठन के अनुसार सभी तहसीलों में किसानों की मांगें लंबित हैं। उन्होंने एसडीएम के साथ किसान प्रतिनिधि मंडल की बैठक कराने की मांग की। साथ ही मांग पत्र पर 15 दिन के भीतर कार्रवाई की जानकारी देने को कहा। लम्भुआ तहसील में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्राम वैनी निवासी गिरीश कुमार पांडेय ने उपजिलाधिकारी को शिकायत पत्र दिया। उन्होंने गाटा संख्या 357, 359 और 362 की भूमि को खाली कराने की मांग की। मामले की जांच की गई। जांच में पाया गया कि गाटा संख्या 357 का क्षेत्रफल 0.071 हेक्टेयर है। यह राजस्व अभिलेखों में चकमार्ग के रूप में दर्ज है। स्थलीय जांच में विवादित भूमि पर पक्की सड़क मिली। कोई अवैध कब्जा नहीं पाया गया। अधिकारियों ने शिकायतकर्ता को फोन पर इस बारे में बताया। जांच में शिकायत को असत्य और निराधार पाया गया।

# बांस की कोठ में लगी आग



- फायर ब्रिगेड ने समय रहते पाया काबू, मकान बचा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, संग्रामपुर में बृहस्पतिवार की शाम एक बड़ी घटना होने से टल गई। मल्लूपुर प्राथमिक विद्यालय के सामने राज कुमार तिवारी के घर से सटे बांस की कोठ में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद लपटें तेजी से फैलने लगीं। ग्रामीणों ने पहले खुद आग बुझाने का प्रयास किया। जब आग काबू में नहीं आई, तो ग्रामीण सूर्य प्रकाश शुक्ला ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया। फायर ब्रिगेड कर्मचारी मोहम्मद शरीफ के अनुसार, समय रहते कार्रवाई की गई। इससे राजकुमार तिवारी का मकान सुरक्षित रहा। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

# ई-रिक्शा-कार की टक्कर में बुजुर्ग की मौत

## खाई में गिरी ई-रिक्शा, आरोपी फरार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी, उत्तर प्रदेश के अमेठी के मुसाफिरखाना विकासखंड क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। यह हादसा मुसाफिरखाना के कनकुपुर गांव के पास फोरलेन मार्ग पर हुआ। मृतक की पहचान मुसाफिरखाना कस्बे के वार्ड नंबर 8 निवासी ओमप्रकाश अग्रहरी के रूप में हुई है, जो अपने ई-रिक्शा से कहीं जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ओमप्रकाश जैसे ही फोरलेन मार्ग पर पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही कार ने उनके ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरा। हादसे में ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल ओमप्रकाश को मुसाफिरखाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल अमेठी रेफर कर दिया, लेकिन इलाज के दौरान जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

हादसे के बाद चालक गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन को कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। ओमप्रकाश अग्रहरी की असमय मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

# शिक्षकों की समस्याओं पर प्राथमिक शिक्षक संघ ने उठाई आवाज

## वेतनमान और सेवा पुस्तिका सुधार को लेकर बीएसए से मिला प्रतिनिधिमंडल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और वित्त एवं लेखाधिकारी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। जनपद में करीब 500 शिक्षक चयन वेतनमान के लिए पात्र हैं। ऑनलाइन पोर्टल की धीमी प्रक्रिया के कारण उन्हें वित्तीय लाभ नहीं मिल पा रहा है। शिक्षकों की ऑनलाइन सेवा पुस्तिकाओं में नाम, जन्मतिथि, पिता का नाम और प्रारंभिक कैडर में त्रुटियां हैं। इन त्रुटियों के सुधार के लिए तीन माह पूर्व आवेदन किया गया था। 12460, 68500 और 69000 भर्ती से नियुक्त शिक्षकों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन लंबित है। इस कारण उन्हें नियमित वेतन और अवशिष्ट वेतन आदेश नहीं मिल रहे हैं। संघ ने 2006 से 2015 तक सेवानिवृत्त शिक्षकों को नोशनल वेतनवृद्धि की मांग की है। शिक्षकों को प्रोन्नति वेतनमान और शिक्षामित्र कोटे से चयनित शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिलाने की मांग की गई। 31 मार्च 2025 को सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों के जीपीएफ भुगतान में देरी का मुद्दा भी उठाया गया। अधिकारियों ने 30 अप्रैल 2025 तक भुगतान का आश्वासन दिया है। कई शिक्षकों के पीएफ लेजर में बोनस, महंगाई भत्ता और ऋण कटौती का सही अंकन नहीं हुआ है। इससे जीपीएफ का गलत आकलन हो रहा है। जनपद के कई शिक्षकों के अवशिष्ट वेतन भी लंबित हैं, जबकि इसके लिए अनुदान मिल चुका है। 31 मार्च 2025 को सेवानिवृत्त हुए कई शिक्षकों की पेंशन फाइलें अभी तक अयोध्या मंडल नहीं भेजी गई हैं। प्राथमिक अध्यापक भानुमती का मामला इसका उदाहरण है।

मृत्यु उपादान मामलों में दोहरे मापदंड अपनाए जा रहे हैं। कुछ मामलों में तुरंत भुगतान किया गया, जबकि समान मामलों में अनावश्यक आपत्तियां लगाकर देरी की जा रही है। संघ ने 15 दिन में समस्याओं के समाधान की मांग की है। समाधान नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन और घेराव की चेतावनी दी है।

# कार की टक्कर से महिला की मौत:थाने के सामने हादसा हुआ

## बेटा पानी लेने गया था, लौटा तो मां की लाश देख बेहोश हुआ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, जमुनापार थाने के सामने एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। गढ़ी हयातपुर की रहने वाली लज्जा देवी (60) को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

लज्जा देवी अपने बेटे लवेश के साथ दवा लेने जा रही थीं। दोनों थाने के सामने वाहन का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान लज्जा देवी को प्यास लगी। लवेश पानी लेने गया और लौटकर आया तो देखा कि मां को कार ने टक्कर मार दी है। यह देख वह बेहोश हो गया। परिजन लज्जा देवी को पहले निजी अस्पताल ले गए। फिर जिला अस्पताल पहुंचे। दोनों जगह डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल मौके पर पहुंचे। लवेश सैलून चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। उसके दो भाई दिव्यांग हैं। सीओ सदर संदीप कुमार ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# युवक की हत्या का मामला

## विश्वकर्मा समाज ने कलेक्ट्रेट किया घेराव, पुलिस ने बिना सूचना किया अंतिम संस्कार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, विश्वकर्मा सेवा समिति के हजारों कार्यकताओं ने गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय गौरीगंज का घेराव किया। यह कार्रवाई मनोज विश्वकर्मा की कथित हत्या के मामले में की गई। मनोज विश्वकर्मा अपने घर सरैया, राजगढ़ से बहन की शादी का कार्ड बांटने निकले थे। वह थाना संग्रामपुर क्षेत्र के रहने वाले थे। मनोज वापस घर नहीं लौटे। परिजनों ने थाना संग्रामपुर में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। मनोज की पत्नी उषा के व्हाट्सएप नंबर पर तीन फोटो भेजे। उषा ने फोटो में अपने पति की पहचान की। उषा का आरोप है कि उनके पति की हत्या कर दी गई। पुलिस ने परिजनों को बिना सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया।

# अलीगढ़ में छात्र की पिटाई

## वीडियो वायरल करने पर दबंगों ने लाठी-डंडों से पीटा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़ , थाना गोंडा क्षेत्र में एक छात्र की दबंगों ने लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। आरोपियों ने छात्र पर उनका वीडियो वायरल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी गोपाल को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की पृष्ठभूमि में दोनों पक्षों के बीच पुराना विवाद है। कुछ दिन पहले छात्र ने आरोपियों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। इस वीडियो के कारण छात्र का भाई और आरोपी जेल गए थे। जेल से बाहर आने के बाद आरोपियों ने छात्र पर हमला कर दिया। इस हमले में छात्र को चोटें आई हैं।

मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। क्षेत्राधिकारी महेश कुमार के अनुसार, अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित के परिजनों से शिकायत मांगी गई है। शिकायत मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी